छ.ग. स्टेट पावर कम्पनी मर्या. की गृह पत्रिका

# संकल्प

मार्च-अप्रैल 2018 ▪ वर्ष-13



EYE ON DEVELOPMENT OF CHHATTISGARH





स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर




छ.ग. स्टेट पावर कम्पनी मर्या. की गृह पत्रिका

# संकल्प

मार्च-अप्रैल 2018

## संरक्षक



श्री शिवराज सिंह
अध्यक्ष



श्री सुबोध सिंह
प्रबंध निदेशक
(ट्रेडिंग कंपनी)



श्री अंकित आनंद
प्रबंध निदेशक
(डिस्ट्रीब्यूशन कं.)



श्रीमती तृप्ति सिन्हा
प्रबंध निदेशक
(ट्रांसमिशन कं.)



श्री के. रामचंद्र मूर्ति
प्रबंध निदेशक
(जनरेशन कं.)

संपादक : संकल्प
**विजय मिश्रा**
उपमहाप्रबंधक (जनसंपर्क)
छत्तीसगढ़ स्टेट पावर होल्डिंग कं.मर्या.
डंगनिया, रायपुर, छत्तीसगढ़
e-mail : vijay.mishra361@gmail.com

सहयोग
जाबिर मोहम्मद कुरैशी

छायाकार
संजय टेम्बे

## छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कम्पनी मर्यादित

### प्रदेश में विद्युत प्रगति का पटल

| | नवंबर 2000 | अप्रैल 2018 |
|---|---|---|
| ताप विद्युत क्षमता | 1240 मेगावॉट | 3280 मेगावॉट |
| जल विद्युत क्षमता | 120 मेगावॉट | 138.70 मेगावॉट |
| कुल ताप, जल विद्युत क्षमता | 1360 मेगावॉट | 3424.70 मेगावॉट |
| क्षमता वृद्धि | --- | 2064.70 मेगावॉट |
| अति उच्चदाब उपकेंद्रों की संख्या | 27 नग | 99 नग |
| अति उच्चदाब लाइनों की लंबाई | 5205 सर्किट कि.मी. | 11788 सर्किट कि.मी. |
| केपेसिटर स्थापित क्षमता | 94 एमव्हीएआर | 1085 एमव्हीएआर |
| 33/11 के.व्ही. उपकेंद्रों की संख्या | 248 नग | 1099 नग |
| 33 के.व्ही. लाइनों की लंबाई | 6988 सर्किट कि.मी. | 20086 सर्किट कि.मी. |
| 11/04 के.व्ही. उपकेंद्रों की संख्या | 29692 नग | 150280 नग |
| 11 के.व्ही. लाइनों की लंबाई | 40556 कि.मी. | 105281 कि.मी. |
| निम्नदाब लाइनों की लंबाई | 51314 कि.मी. | 179538 कि.मी. |
| कुल आबाद ग्रामों की संख्या (जनगणना 2011 के अनुसार) | --- | 19567 |
| विद्युतीकृत ग्रामों की संख्या | 17108 | 19567 |
| विद्युतीकरण का प्रतिशत | 87.43 | 100% |
| विद्युतीकृत मजराटोलों की संख्या | 10375 | 33674 |
| विद्युतीकृत पंपों की संख्या | 73369 | 405578 |
| एकलबत्ती कनेक्शन की संख्या | 630389 | 1719297 |



# सौभाग्य योजना ले सब्बो घर म बिजली लग गे हवे साहब

लोक सुराज अभियान के तहत कबीरधाम जिले के बोड़ला विकासखण्ड के ग्राम सिंघारी पहुँचकर माननीय मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने महुआ पेंड़ के नीचे बैगा आदिवासियों के बीच 19 अप्रैल को चौपाल लगाई और उन्होने विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी ली। इस दरमियान ग्राम सिंघारीवासियों ने खुशी जताते हुए बताया कि "सौभाग्य" योजना के तहत सब्बो घर मा बिजली लग गे हवे साहब। इस अवसर पर मुख्यमंत्रीजी ने कहा कि जून तक पूरे प्रदेश के साथ बोड़ला एवं पंडरिया के सभी घरों में बिजली का कनेक्शन लग जायेगा। लोक सुराज अभियान के तहत ग्राम खैलटुकरी में मुख्यमंत्री द्वारा सौभाग्य रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना भी किया गया। उन्होंने कहा यह रथ जिले के गांव-गांव पहुँचकर इस योजना के बारे में ग्रामीणों को बतायेगा। कबीरधाम जिले में विद्युत विकास कार्यो के प्रगति पर उन्होने प्रसन्नता जाहिर की। इस दौरान मुख्यमंत्री द्वारा 82 हितग्राहियों को सौभाग्य प्रमाण पत्र का वितरण किया गया।



लोक सुराज अभियान के अंतिम पड़ाव पर मुख्यमंत्रीजी ने मोहला विकासखण्ड के सुदूर वनांचल क्षेत्र के ग्राम डुमरटोला में आम जनता से बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी हुई शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली। उन्होंने विद्युत विभाग डोंगरगांव संभाग के कार्यपालन अभियंता श्री एस0कंवर से मोहला एवं मानपुर विकासखण्ड में पं0 दीनदयाल ग्रामीण ज्योति विद्युतीकरण योजना एवं सौभाग्य योजना के क्रियान्वयन की जानकारी ली। मुख्यमंत्री जी ने सभी सवालों के संतोषजनक जवाब मिलने पर प्रसन्नता जाहिर की। उन्होने डुमरटोला में आयोजित समाधान शिविर में लोगों को बताया कि चौकी, मोहला और मानपुर में अब तक दल्ली राजहरा से बिजली आती थी, अब जल्द ही मोहला के एकटकन्हार में निर्मित हो रहे नवीन 132 के0व्ही0 सबस्टेशन क्रियाशील हो जायेगी, इससे पर्याप्त वोल्टेज पर अबाधित बिजली मिल पायेगी।

उन्होने कहा कि अप्रैल महीने में मोहला पूर्ण रूप से विद्युतीकृत हो जाएगा। मुख्यमंत्री ने सौभाग्य योजना के अन्तर्गत पूर्ण रूप से विद्युतीकृत हो चुके ग्रामों के सरपंचो को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया। इस अवसर पर छ0ग0 शासन के मुख्य सचिव श्री अजय सिंह, मुख्यमंत्री के संयुक्त सचिव श्री मुकेश बंसल, कलेक्टर राजनांदगांव श्री भीमसिंह, कलेक्टर कबीरधाम श्री नीरज बंसोड़, जिला पंचायत सीईओ राजनांदगांव श्री चंदन कुमार, जिला पंचायत सीईओ कबीरधाम श्री कुंदन कुमार, अधीक्षण अभियंता द्वय श्री अविनाश सोनेकर, श्री आर0एन0याहके, कार्यपालन अभियंता सर्वश्री एस0 कंवर, व्ही0आर0के0 मुर्ति, वी0के0महालया, श्री सी0पी0 गढ़ेवाल एवं अन्य अधिकारी उपस्थित हुए।

# मा. मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने सौभाग्य रथ को दिखाई हरी झंडी



दुर्ग क्षेत्र में सौभाग्य योजना को गति प्रदान करने के उद्देश्य से सौभाग्य योजना से सुसज्जित सात नग वाहनों को मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह द्वारा 29 मार्च 2018 को जिलाधीश कार्यालय में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रथ के जरिये विद्युत विभाग द्वारा मुख्यमंत्री एलईडी वितरण योजना, मुख्यमंत्री ऊर्जा प्रवाह योजना, मुख्यमंत्री शहरी विद्युतीकरण योजना, दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना एवं मुख्यमंत्री मजराटोला विद्युतीकरण योजना आदि की भी विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी।

इस अवसर पर उच्च शिक्षा मंत्री श्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती रमशीला साहू, संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री श्री दयालदास बघेल, संसदीय सचिव श्री लाभचंद बाफना, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती माया बेलचंदन, महापौर श्रीमती चन्द्रिका चन्द्राकर, ऊर्जा सचिव छत्तीसगढ़ शासन श्री सिद्धार्थ कोमल परदेशी, कमिश्नर श्री बृजेश चंद मिश्र, जिलाधीश दुर्ग श्री उमेश अग्रवाल, कार्यपालक निदेशक श्री भीमसिंह कंवर सहित अनेक उच्चाधिकारी उपस्थित थे।

# लिटिया ग्राम को शतप्रतिशत कनेक्शन का सम्मान



राजनांदगांव विकासखण्ड में अपने एकदिवसीय प्रवास के दौरान ग्राम लिटिया में आयोजित समारोह में माननीय मुख्यमंत्री डॉ0 रमन सिंह ने सौभाग्य योजना के तहत शतप्रतिशत बिजली कनेक्शन प्रदाय किये जाने हेतु सराहनीय प्रयासो के लिए ग्राम पंचायत लिटिया को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री के करकमलो द्वारा यह प्रशस्ति पत्र गांव की सरपंच श्रीमती शांति बाई वर्मा ने 23 अप्रैल 2018 ग्रहण किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ0 रमन सिंह ने कहा कि मुझे यह जानकारी देते हुए प्रसन्नता हो रही है कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों की पहल पर बिजली विभाग द्वारा राजनांदगांव विकासखण्ड के अन्तर्गत आने वाले सभी ग्राम पंचायतों के आश्रित गांव, मजराटोला एवं घरों को विद्युत कनेक्शन देकर शतप्रतिशत विद्युतकृत किया गया है। राजनांदगांव विकासखण्ड के सभी ग्राम पंचायतों के शतप्रतिशत् विद्युतीकृत हो जाने से जिले के अन्य सभी विकासखण्डों के ग्राम पंचायतों को पूर्ण विद्युतीकरण के लिए प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने बताया कि राजनांदगांव जिले का हर आश्रित गांव, मजराटोला एवं घरों को प्रधानमंत्री हर घर सहज बिजली ''सौभाग्य'''' योजना एवं पं0 दीनदयाल ग्रामीण विद्युतीकरण योजना से रोशन कर दिया जायेगा। सौभाग्य योजना के तहत बीपीएल परिवारों को निःशुल्क विद्युत कनेक्शन वितरित किये जा रहे हैं तथा एपीएल परिवारों को भी 50 रूपये के दस मासिक किश्तों पर कनेक्शन दिया जा रहा है। विद्युत पोल से मीटर तक सर्विस लाईन व घर के अन्दर 10 फूट तक वायरिंग वितरण कंपनी द्वारा की जा रही है। मीटर एवं बोर्ड लगाकर एक एलईडी बल्ब भी प्रदान किया जा रहा है।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड राजनांदगाव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक श्री संजय पटेल ने बताया कि राजनांदगांव ग्रामीण उपसंभाग के अन्तर्गत आने वाले ग्राम लिटिया में पूर्व से 388 घरेलु विद्युत कनेक्शन विद्यमान थे। सौभाग्य योजना के तहत के अतिरिक्त 40 नये कनेक्शन प्रदान करते हुए इस ग्राम को शतप्रतिशत विद्युत कनेक्शन वाला ग्राम घोषित किया गया है। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता श्री अविनाश सोनेकर, कार्यपालन अभियंता श्री व्ही0आर0के0 मुर्ति, सहायक अभियंता श्री पी0सी0 साहू, कनिष्ठ अभियंता श्री कोमल साहू सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित हुए।

# सौभाग्य योजना के हितग्राहियों को सम्मान

विकासखण्ड छुरिया के ग्राम फाफामार, केसला एवं आलीवारा में 12 अप्रैल 2018 को सासंद श्री अभिषेक सिंह नें सौभाग्य योजना के तहत 17 हितग्राहियों को विद्युत कनेक्शन प्रमाण पत्र तथा शतप्रतिशत बिजली कनेक्शन प्रदान किये जाने हेतु सराहनीय प्रयासो के लिए ग्राम गैंदाटोला, सीताकसा, केसाल, चिरचारीकला एवं मातेखेड़ा के संरपचों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सहज बिजली हर घर सौभाग्य योजना के क्रियान्वयन से अब हर ग्रामों में शतप्रतिशत बिजली कनेक्शन देने की कारगर पहल की गई।

इसी क्रम में कार्यपालक निदेशक श्री संजय पटेल ने बताया कि राजनांदगांव वृत के अन्तर्गत डोंगरगांव संभाग के कुमर्दा वितरण केन्द्र के तहत ग्राम सीताकसा के श्री रूपचंद यादव, श्रीमती बुधकुवंर, श्री भगोलीराम, श्रीमती होमेश्वरी साहू, श्री लोकेश कुमार साहू, श्री देवानंद छलनिया, ग्राम गहिराभेड़ी के श्री ऐशकुमार साहू, श्री ईश्वर मरार, श्री श्रवण कुमार, श्री रघुनाथ मरार एवं ग्राम केसला के श्रीमती राजकुमारी जमुनिया, श्रीमती सकुनबाई कंवर, श्रीमती लीलाबाई कोटेलकर, श्रीमती कलाबाई कंवर, श्रीमती ढेलियाबाई कंवर, श्रीमती जंत्रीबाई कंवर, श्रीमती सवित्रीबाई कंवर को विद्युत कनेक्शन प्रमाण पत्र वितरित किये गये हैं। ग्राम गैंदाटोला सीताकसा, केसाल, चिरचारीकला एवं मातेखेडा. में क्रमशः 322, 165, 124, 243, व 180 कनेक्शन पूर्व से विद्यमान हैं। सौभाग्य योजना के तहत उक्त ग्रामों में 67 विद्युत कनेक्शन प्रदाय कर शतप्रतिशत कनेक्शन प्रमाण पत्र दिये गये है। इस अवसर पर पूर्व विधायक श्री रजिन्दरपाल सिंह भटिया, जिला सहकारी केन्दीय बैंक के अध्यक्ष श्री सचिन बघेल एवं



कंपनी के अभियंतागण सर्वश्री एस. कंवर, आर.पी. ठाकुर, माखन लाल सिन्हा एवं क्षेत्र के जन प्रतिनिधियों सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

# झलमला में 33/11 के.व्ही. उपकेंद्र की आधारशीला



कबीरधाम जिले की विद्युत प्रणाली को उन्नत बनाने के उद्देश्य से रेंगाखार क्षेत्र के झलमला में नवीन 33/11 के0व्ही0 सबस्टेशन की आधारशीला 10 अप्रैल 2018 को रखी गई। वनमंत्री छत्तीसगढ़ शासन श्री महेश गागड़ा एवं सांसद राजनांदगांव श्री अभिषेक सिंह द्वारा इस नवीन उपकेन्द्र का भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों द्वारा ''सौभाग्य'' योजना के अन्तर्गत हितग्राहियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किये गये। वनमंत्री एवं सांसद ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि माननीय मुख्यमंत्री के घोषणानुरूप इस क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए अनेक कार्य हाथ में लिये गये है जिसमें सौभाग्य योजना मील का पत्थर साबित हो रही है।

राजनांदगांव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक श्री संजय पटेल ने बताया कि मुख्यमंत्री ऊर्जा प्रवाह योजना के अर्न्तगत लगभग 2.88 करोड़ रूपए की लागत से बनने वाले इस नवीन उपकेन्द्र के क्रियाशील होने जाने से लगभग 30 गांवो के 1500 ग्रामीण उपभोक्ताओं को गुणावत्तापूर्ण विद्युत की सुविधा प्राप्त होगी। इस अवसर पर कवर्धा विद्युत संभाग के अभियंता सर्वश्री वी0के0 महालया,ए0उमरे ,यु0के0 धृतलहरे, के0के0झा, रविन्द्र राय सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित हुए।

# कबीरधाम के ग्राम गोपालभावना में नवनिर्मित 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र क्रियाशील



कबीरधाम जिले के ग्रामीण एवं वनांचल क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति के लिए मुख्यमंत्री ऊर्जा प्रवाह योजना पर तेजी से कार्य किये जा रहें है, फलस्वरूप 12 अप्रैल 2018 को कवर्धा संभाग के अन्तर्गत पिपरिया वितरण के ग्राम गोपालभावना में 2.65 करोड़ रू0 की लागत से निर्मित 33/11 के0व्ही0 उपकेन्द्र को क्रियाशील किया गया। इसका लाभ लगभग 15 गांवो की विद्युत संबंधी समस्याओं से निदान के रूप में प्राप्त होगा।

कवर्धा संभाग के कार्यपालन अभियंता श्री वी0के0 महालया ने बताया कि इस नवीन उपकेन्द्र के ऊर्जीकृत हो जाने से पिपरिया क्षेत्र के ग्रामों यथा गोपालभावना, कोलिहानवागांव, नवघट्टा, ढ़ेहरी, मोहगांव, लांघान, पंडरिया, घोरेवारा, घिरघोषा एवं झलमला के 1500 उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत सेवा का लाभ मिलेगा तथा उक्त ग्रामों में लो-वोल्टेज एवं ओवर लोडिंग की समस्या दूर हो जायेगी।

इस उपलब्धि के लिए कार्यपालक निदेशक श्री संजय पटेल एवं अधीक्षण अभियंता श्री आर0 एन0 याहके ने एसटीएम संभाग के कार्यपालन अभियंता श्री एस0आर0 गुर्जर, सहायक अभियंता श्री प्रशांत पन्से , श्री यु0के0 धृतलहरे , श्री सुनील कंवर, कनिष्ठ अभियंता श्री आशीष सोनी एवं उनकी टीम को बधाई दी।

# पॉवर जनरेशन कंपनी के नवनियुक्त एम.डी. श्री मूर्ति द्वारा कार्यभार ग्रहण

छत्तीसगढ़ शासन के ऊर्जा विभाग से जारी आदेशानुसार एन.टी.पी.सी. के दक्षिण क्षेत्रीय मुख्यालय के रीजनल एक्जीकेटिव्ह डायरेक्टर श्री के.रामचन्द्र मूर्ति की नियुक्ति छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी में प्रबंध निदेशक के पद पर की गई है, तदानुसार उन्होंने 4 मई 2018 को कंपनी मुख्यालय सेवाभवन डंगनिया में कार्यभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण उपरांत श्री मूर्ति ने कहा कि राज्य शासन ने जिस विश्वास के साथ दायित्व सौंपा है उसे टीम वर्क के साथ पूर्ण निष्ठा से पूरा करने प्रयासरत रहूंगा।

आगे उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ को पॉवर हब ऑफ कन्ट्री, सरप्लस पॉवर स्टेट और जीरो पॉवर कट स्टेट के रूप में राष्ट्रीय स्तर पर जो पहचान मिली है, उसे सतत् बनाये रखना प्राथमिकता होगी। अब तक कंपनी के डायरेक्टर श्री ओ.सी. कपिला प्रभारी एमडी के पद का निवर्हन कर रहे थे। कंपनी मुख्यालय में पदभार ग्रहण करने के उपरांत श्री मूर्ति को कंपनी के उच्चाधिकारियों सहित अन्य अधिकारियों/कर्मचारियों, श्रमिक संघ/संगठनों के पदाधिकारियों ने बधाई एवं सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनायें दी।

देश की महारत्न कंपनी एन.टी.पी.सी. में 35 वर्षीय दीर्घकालीन कार्यों के अनुभवी श्री मूर्ति का जन्म वर्ष 1958 को आंध्रप्रदेश में हुआ। आपने वर्ष 1974 में हायर सेकण्डरी की परीक्षा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुर्ग से उत्तीर्ण की तथा वर्ष 1979 में बी.ई. मेकेनिकल की उपाधि गवर्मेंट इंजीनिरिंग कालेज (वर्तमान में एन.आई.टी.) रायपुर से प्राप्त की। शिक्षा की पूर्णता के उपरांत आपने वर्ष 1980 से एक्जीकेटिव्ह इंजीनियर (ट्रेनी) के रूप में एन.टी.पी.सी. से अपनी सेवायात्रा आरंभ की। अपनी सेवायात्रा में एनटीपीसी के तीन बड़े थर्मल पॉवर स्टेशन यथा सिंगरौली (2000 मेगावॉट) रिहन्द (3000 मेगावॉट)



एवं विंध्याचल (4760 मेगावॉट) में एक्जीक्यूटेव्हि डायरेक्टर के शीर्ष पद पर आप कार्यरत रहे हैं। इसके अलावा एन.टी.पी.सी. के बदरपुर, औरैया, नोएडा, दुर्गापुर, तालचर थर्मल पॉवर स्टेशन में भी विभिन्न शीर्ष पदों पर आपने सफलतापूर्वक सेवायें दी है।

# विद्युत मांग प्रबंधन एवं ऊर्जा दक्षता पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

विद्युत की बढ़ती मांग-प्रबंधन एवं ऊर्जा दक्षता पर केन्द्रित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन ब्यूरो आफ इनर्जी एफीसिएंशी (बी.ई.ई.) नई दिल्ली के तत्वावधान में 04 से 06 अप्रेल तक रायपुर में किया गया है। पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी एवं क्रेडा की सहभागिता से आयोजित इस कार्यक्रम में लगभग 40 मैदानी अधिकारियों को विषय विशेषज्ञ द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यक्रम में बिजली की बढ़ती मॉग-आपूर्ति के मध्य संतुलन, बिजली की बचत-संरक्षण के कारगर उपाय एवं ऊर्जा संरक्षण में जनभागीदारी को बढ़ाने की आवश्यकता जैसे विषयों पर व्याख्यान दिया गया।

कार्यक्रम में डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के डायरेक्टर श्री जी.सी.मुखर्जी सहित कार्यपालक निदेशक सर्वश्री प्रहलाद सिंह, आर.बी.त्रिपाठी, क्रेडा के मुख्य अभियंता श्री संजय जैन, जे.आर. पटेल एवं आईसीएफ के एसोसिएट श्री मृणाल सौरभ भास्कर ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित किया। श्री मुखर्जी ने कहा कि देश में 1947 में 1500 मेगावॉट बिजली का उत्पादन होता था वह बढ़कर आज 3 लाख 25 हजार तक जा पहुंचा है, इसमें से 85 प्रतिशत बिजली का उत्पादन कोयला आधारित संयंत्रों से होता है। उपभोक्ता यदि एक यूनिट बिजली की बचत करते है तो तकरीबन तीन यूनिट बिजली की बचत होती है। इसे





उत्पादित करने में खपत होने वाले एक किलो कोयले की भी बचत होती है। एक किलो कोयला को जलाने के लिए करीब तीन किलो आक्सीजन की खपत सहित सात किलो कार्बन डाईआक्साइड का उत्सर्जन होता है, स्पष्ट है कि बिजली की बचत पर्यावरण संरक्षण सहित अनके दृष्टि से फायदेमंद है।

उद्घाटन सत्र में क्रेडा के मुख्य अभियंता श्री जैन ने कहा कि बिजली की बचत ही बिजली का उत्पादन है। ब्यूरो आफ इनर्जी एफीसिएंशी (बी.ई.ई.) द्वारा इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से प्रशिक्षणार्थियों को ''ऊर्जा दूत'' के रूप में प्रशिक्षित कर आम उपभोक्ताओं को जागरूक बनाने की कारगर पहल की गई है। एलईडी बल्ब, ट्यूबलाईट, पॅखे और ए.सी. का उपयोग उपभोक्तागण अधिकाधिक करें इस हेतु उन्हें जागरूक बनाने की दृष्टि से ऊर्जा दूत के रूप में प्रशिक्षणार्थियों का दायित्व अत्यधिक महत्वपूर्ण है। विषय विशेषज्ञ आईसीएफ कंसलटेंट के एसोसिएट श्री मृणाल सौरभ ने बताया कि सात राज्यों की वितरण कंपनी के लिए 44 प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन बी.इ.ई. द्वारा किया जा रहा है। जिसमें बिजली बचाने की नई तकनीकी की जानकारी दी जा रही है। ट्रेनर श्री अनिल कुमार गोयल ने कहा कि आज स्मार्ट मीटर आ रहे हैं, जिनसे बिजली खपत का डाटा प्रति घंटे के हिसाब से निकल आता है, इससे मिले डाटा का विश्लेषण कर बिजली बचाने हेतु आवश्यक कदम उठाए जा सकते हैं। बिजली बचाने के लिए उपभोक्ता से लेकर विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को जागरूक होना आवश्यक है। तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में अतिथियों का स्वागत ट्रेनिंग कोआर्डिनेटर प्रियांगना बोरा ने की तथा कार्यक्रम का संचालन उपमहाप्रबंधक(जनसम्पर्क) श्री विजय मिश्रा ने किया। प्रतिभागियों को समापन अवसर पर प्रमाण पत्र वितरित किये गये।

# कंपनी मुख्यालय में 'खुशियों का बिग बाजार' विषय पर व्याख्यान

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी में खुशियों का बिग बाजार विषय पर संगोष्ठी का आयोजन 10 अप्रेल को किया। प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी विश्वविद्यालय के अंतर्राष्ट्रीय टे॰नर श्री शक्तिराज सिंह ने ''माइंड एवं मेमोरी मेनेजमेंट'' से खुशियों की बहार लाने के व्यवहारिक गुर इसमें सिखाये। कार्यक्रम में पॉवर कंपनीज के चैयरमेन श्री शिवराज सिंह एवं ट्रांसमिशन कंपनी की एमडी श्रीमती तृप्ति सिन्हा, डायरेक्टर श्री एच.आर. नरवरे, कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) श्री प्रहलाद सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर श्री शिवराज सिंह ने इंटर नेशनल मोटिवेशनल स्पीकर ''शांति दूत'' श्री शक्ति राज का शॉल, श्रीफल से एवं ब्रम्हकुमारी बहन अदिति एवं बहन रश्मि का पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया।

संगोष्ठी में श्री शक्तिराज सिंह ने मनुष्य को होने वाले 75 फीसदी बीमारियों का मुख्य कारण मन में पनपने वाले नकारात्मक विचारों को बताते हुये कहा कि ईर्ष्या से पेट में अल्सर, अकड़ से गर्दन में अकड़न जैसी व्याधियॉं घेर लेती है। कहीं और न जाकर अपने भीतर झांके और मन के मैल को बहार करें तो जिंदगी बोझ लगने के बजाय बगिया की तरह महक उठेगी।

मनुष्य को आज के परिवेश और भाग दौड़ की जिंदगी में स्वस्थ्य जीवन के साथ अपने कार्यक्षेत्र में समन्वय बनाने की आवश्यकता है। अजीब बात है कि आज पूरी दुनिया इंटरनेट से कनेक्टेड है, पर एक परिवार के चार व्यक्ति एक-दूसरे से कनेक्टेड नहीं हैं। हम सब जी-तोड़ मेहनत सुख-शांति के लिए ही कर रहे है, लेकिन बंगला और कार हमें आरामदायक जीवन दे सकता है पर सुख-शांति नहीं। कार्यक्रम का संचालन पॉवर कंपनीज के उपमहाप्रबंधक (जनसम्पर्क) श्री विजय मिश्रा ने किया।



**सुख-शांति के लिए श्री शक्ति राज ने दिये टिप्स :** क्रोध से बचें, मुस्कान को दिनचर्या का अंग बनायें, आपसी संबंधो में मधुरता बढ़ायें, नकारात्मक विचारों का दमन करें, आत्मविश्वास को बनायें रखें, रिलेक्सेशन टेक्नीक को अमल में लायें।

# ग्राम टप्पा में नवनिर्मित 33/11 के.व्ही. सबस्टेशन का सफल परीक्षण



राजनांदगांव जिले के ग्राम टप्पा में मुख्यमंत्री ऊर्जा प्रवाह योजना के तहत 2.65 करोड़ रूपए की लागत से निर्मित नवीन 33/11 के0व्ही0 उपकेन्द्र का 10 अप्रैल 2018 का सफल प्रायोगिक परीक्षण किया गया, जिससे 18 ग्रामों के 4 हजार उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत सेवा का लाभ मिलेगा तथा तुमड़ीबोड़ व टप्पा क्षेत्र में लो-वोल्टेज एवं ओवर लोडिंग की समस्या दूर हो जायेगी। इस नवीन उपकेन्द्र के सफल प्रायोगिक परीक्षण हेतु कार्यपालक निदेशक श्री संजय पटेल ने एसटीएम संभाग के अभियंता सर्वश्री एस0आर0 गुर्जर, एन0के0 साहू, एम0के0 साहू, पी0सी0 साहू एवं नेहा गढपायले एवं उनके टीम की सराहना की।

# पॉवर कंपनी के सीई श्री जैन सहित अन्य कर्मियों की भावभीनी विदाई

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कम्पनी में सेवानिवृत्तजनों को 31 मार्च को कंपनी मुख्यालय में भावभीनी विदाई दी गई। पॉवर कंपनीज अध्यक्ष श्री शिवराज सिंह, एमडी ट्रांसमिशन कंपनी श्रीमती तृप्ति सिन्हा, जनरेशन कंपनी के एमडी श्री ओसी कपिला एवं डायरेक्टर श्री जीसी मुखर्जी, कार्यपालक निदेशक श्री ओ.पी. खंडेलवान ने सेवानिवृत्तजनों को पष्प गुच्छ देकर उनके सुखमय जीवन की कामना की। अध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि विद्युत विकास के क्षेत्र में सेवानिवृत्त हो रहे अधिकारियों एवं कर्मचारियों का अमूल्य योगदान रहा है।

सेवानिवृतजनों में शामिल जनरेशन कंपनी के मुख्य अभियंता(सिविल प्रोजेक्ट) श्री अजय कुमार जैन तथा ट्रांसमिशन कंपनी से सेवानिवृत्त स्टाफ आफिसर श्री डीआरपी धैर्य, सीनियर सिक्यूरिटी गार्ड श्री मनीराम साहू, सिविल अटेंडेंट श्री शिवचरण वर्मा, परमेश्वर सिंह एवं कार्यालय सहायक श्रीमती आरती बनर्जी को प्रतीकात्मक भेंट एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। सेवानिवृत मुख्य अभियंता श्री जैन ने अपने 40 वर्षीय सेवायात्रा के अनुभव के आधार पर छत्तीसगढ़ के विद्युत विकास में चुनौतियों और समाधान का प्रभावी विवरण व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन उपमहाप्रबंधक (जनसम्पर्क) श्री विजय मिश्रा एवं श्री योगेश नैय्यर ने किया। इस अवसर पर कंपनी के अन्य उच्चाधिकारी सहित परिवारजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।





# पारेषण कंपनी में प्रशिक्षण कार्यशाला



छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी में तनाव प्रबंधन और समय प्रबंधन विषय पर दो दिवसीय कर्मचारी विकास प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन उपमहाप्रबंधक (मानव संसाधन) कार्यालय डंगनिया में 23 व 24 मार्च को किया गया। इसमें कंपनी की प्रबंध निदेशक श्रीमती तृप्ति सिन्हा ने कहा कि यह प्रशिक्षण कंपनी की उत्पादकता वृद्धि में सहायक होगा। कंपनी में बेहतर कार्यसंस्कृति के लिए प्रशिक्षण आवश्यक है, भविष्य में कर्मचारियों के लिए विधि, सूचना के अधिकार, कंप्यूटर एक्सेल सीट, एकाउंट जैसे विषय भी प्रशिक्षण में शामिल किए जाएंगे।

ट्रांसमिशन कंपनी के उपमहाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्री आरके तिवारी ने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त सुझावों के आधार पर नये विषय तैयार किए जाएंगे । इस कार्यशाला में छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट आफ इंडस्ट्रियल साल्यूशन एंड ट्रेनिंग (सीआईआईएसटी) के प्रशिक्षक डॉ. आरडी सिंह ने कहा कि तनाव का सबसे बड़ा कारण अज्ञानता है, जब हम किसी काम को सुव्यस्थित ढंग से करना नहीं जानते, हम तनाव में रहते हैं। इस मौके पर सहज मार्ग मेडिटेशन के विशेषज्ञ देवनारायण शर्मा व नीलू शर्मा ने एक घंटे ध्यान करना सिखाया।

कार्यशाला के संयोजक वरिष्ठ कल्याण अधिकारी श्री केबीएल चौकसे ने कहा कि सकारात्मक चीजों का हमेशा अनुकरण करना चाहिए, इससे जीवन में संतोष बना रहता है। इस अवसर पर सहायक प्रबंधक श्रीमती ईरा पंत ने गीत प्रस्तुत किया।

# 132/33 के.व्ही. अतिउच्चदाब सुकमा उपकेंन्द्र ऊर्जीकृत



आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों एवं सघन वनांचलों में निवासरत लोगों तक बिजली पहुंचाने हेतु छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी द्वारा नई लाईनों सहित नये अति उच्चदाब उपकेन्दों की स्थापना युद्धस्तर पर की जा रही है। इस दिशा में आगे बढ़ते हुये लगभग 22 करोड़ रूपये की लागत से निर्मित 132/33 केव्ही उपकेंद्र सुकमा तथा इससे सम्बद्ध बारसूर-सुकमा पारेषण लाईन को ऊर्जीकृत करने में पारेषण कंपनी को एक बड़ी कामयाबी मिली। सुकमा एवं उसके आसपास के क्षेत्र के चहुंमूखी विकास को दृष्टिगत रखते हुए माननीय मुख्यमंत्री जी के निर्देशानुसार इस उपकेंद्र के निर्माण का निर्णय लिया गया था।

40 एमव्हीए क्षमता के इस नवनिर्मित उपकेन्द्र तथा इससे सम्बद्ध 18 किलोमीटर लंबी 132 केव्ही लाईन खींची गई है। कंपनी की प्रबंध निदेशक श्रीमती तृप्ति सिन्हा, जगदलपुर क्षेत्र के मुख्य अभियंता श्री हर्ष गौतम, ट्रांसमिशन कंपनी के मुख्य अभियंता श्री पी.के. गुप्ता, एस.सी.सक्सेना एवं अन्य उच्च अधिकारियों की उपस्थिति में इस उपकेन्द्र को 31 मार्च को ऊर्जीकृत किया गया। इस उपकेंद्र के क्रियाशील हो जाने से प्रमुख रूप से सुकमा, गादीरास, कोंटा, छिंदगढ़, जगरगुड़ा, टोंगपाल, किस्टाराम मिलाकर लगभग 193 गांवों के उपभोक्तागण लाभांवित होंगे। इस उपकेंद्र के निर्माण के लिए पारेषण कंपनी द्वारा वर्ष 2009 से प्रयास किए जा रहे थे। 2009 से 2016 के मध्य पांच बार टेण्डर निकाले गए लेकिन ठेकेदारों द्वारा कार्य में रूची नहीं ली गई तब विभागीय तौर पर इस उपकेंद्र के निर्माण का निर्णय लिया गया। विभागीय कर्मियों के अथक लगन एवं प्रयास से उक्त उपकेंद्र का निर्माण कार्य पूर्ण करने में सफलता प्राप्त की गई। इस उपकेंद्र के निर्माण के पूर्व इन क्षेत्रों में 100 किलोमीटर दूर बारसूर एवं किरन्दूल उपकेंद्रो से विद्युत आपूर्ति की जा रही थी। जिससे इस क्षेत्र के उपभोक्ताओं को लो-वोल्टेज संबंधी कठिनाई आती थी।

# पॉवर जनरेशन कंपनी के संयंत्रों द्वारा अधिकतम उत्पादन का कीर्तिमान

## देशभर के चार सर्वश्रेष्ठ उत्पादन कंपनी होने का गौरव

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी द्वारा वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान उत्कृष्ट कार्यनिष्पत्ति का प्रदर्शन किया गया। केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण(सी.ई.ए.) नई दिल्ली द्वारा निर्मित इस रिपोर्ट के आधार पर जनरेशन कंपनी को राष्ट्रीय स्तर पर चार सर्वोत्तम उत्पादन कंपनियों में से एक होने का गौरव प्राप्त हुआ। देशभर में स्टेट सेक्टर के अन्तर्गत 34 नामित उत्पादन कंपनियां हैं, जिनका औसत प्लांट लोड फेक्टर 56.83 प्रतिशत है, जबकि छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी का औसत पी.एल. एफ. 72.51 प्रतिशत दर्ज हुआ है।

इस ऐतिहासिक उपलब्धि में डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह का सर्वाधिक योगदान रहा। इस विद्युत गृह ने 92.31 फीसदी पीएलएफ सहित विशिष्ट कोल खपत को न्यूनतम रखने का कीर्तिमान रचा और देश भर में तृतीय सर्वश्रेष्ठ विद्युत गृह होने का गौरव प्राप्त किया। इस उपलब्धि के लिए पॉवर कंपनीज के अध्यक्ष श्री शिवराज सिंह ने जनरेशन कंपनी के प्रभारी एमडी एवं डायरेक्टर श्री ओ.सी.कपिला, कार्यपालक निदेशक(संचा-संधा) श्री एन.के.बिजौरा सहित सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को बधाई दी।

विदित हो कि उत्पादन कंपनी के संयंत्रों द्वारा बीते वित्तीय वर्ष में कुल 21084.173 मिलियन यूनिट विद्युत का उत्पादन किया गया, जो कि राज्य बनने से लेकर अब तक अधिकतम विद्युत उत्पादन है। इसके पूर्व वर्ष 2016-17 में 18097.428 मिलियन यूनिट का अधिकतम विद्युत उत्पादन किया गया था। इसी तरह कंपनी के 500 मेगावॉट कोरबा पश्चिम विस्तार संयंत्र ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 91.01 प्रतिशत पीएलएफ का प्रदर्षन किया जो कि इस संयंत्र के जीवनकाल में सर्वाधिक होने का कीर्तिमान है। इस संयंत्र द्वारा कंपनी के अन्य संयंत्रों की तुलना में विशिष्ट तेल खपत, कोल खपत, आक्जलरी खपत को न्यूनतम करने का भी रिकार्ड बनाया गया है।



# गुढ़ियारी में प्रशिक्षण कार्यक्रम



छत्तीसगढ़ स्टेट डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान में लेखा प्रशिक्षण के बैच क्रमांक 83(कार्यालय सहायक श्रेणी-दो/तीन) एवं बैच क्रमांक 164 (परि.वर्ग-दो/तीन लाईन) के कर्मचारियों हेतु प्रशिक्षण संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अभियंता श्री आर.बी.त्रिपाठी ने कर्मचारियों से उनके पदस्थ क्षेत्रों में उपभोक्ताओं के समस्याओं के त्वरित निदान, नई ऊर्जा एवं पूर्ण निष्ठा के साथ कार्य करते रहने पर जोर दिया। बैच क्रमांक 163 में संचारण-संधारण संभाग बालोद अंतर्गत कार्यरत परिचारक वर्ग-दो(लाईन) श्री जागेश कुमार ने प्रथम स्थान अर्जित किया। इसी प्रकार (संचारण/संधारण) कुरूद संभाग अंतर्गत वितरण केन्द्र मगरलोड में कार्यरत कार्यालय सहायक श्रेणी-तीन श्री प्रकाश कुमार साहू प्रथम स्थान तथा उपमहाप्रबंधक(मा.सं)-दो में कार्यरत श्रीमति भारती पिल्लै द्वितीय स्थान पर रहीं। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता श्री आई.एल.देवांगन, श्रीमति मधुलिका मिंज सहित अभियंता सर्वश्री ए.के.सोनी, पी.एल.देवांगन, एस.एस.पटनायक, ए.एन.भट्टाचार्य, व्याख्याता श्री जे.एल.चौधरी, श्री यू.के.चटर्जी, श्री अशोक पोटभरे एवं अन्य कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# एचटीपीपी से सात कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति पर भावभीनी विदाई

हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम से मार्च माह में सेवानिवृत्त अधिकारियों-कर्मचारियों को मुख्य अभियंता श्री राजेश वर्मा, अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री एसपी चेलकर एवं श्री पीके. जैन ने स्मृति चिह्न व प्रशस्ति प्रमाण-पत्र भेंट किया। सेवानिवृत्तिजनों में शामिल रमेश कुमार महतो, इकबाल अहमद, गंगाराम चौहान, बेनेडिक्ट एक्का, राम अवतार पटेल, राजनाथ राम भगत एवं कीर्तन दास मानिकपुरी को सुखद जीवन के लिए अधिकारियों ने शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम संयोजन पीके. दवे, वरिष्ठ कल्याण अधिकारी एवं संचालन पीआर खुंटे कल्याण अधिकारी द्वारा किया गया।






## विकास के द्वार बंद कर देता है श्रमरहित पराश्रित जीवन

महर्षि वेदव्यास ने एक कीड़े को तेजी से भागते हुए देखा तो पूछा, 'हे क्षुद्र जंतु तुम इतनी तेजी से कहां जा रहे हो ?' उनके प्रश्न ने कीड़े को चोट पहुंचाई और वह बोला, हे महर्षि, आप तो इतने ज्ञानी हैं। यहां क्षुद्र कौन है और महान कौन ? क्या इस प्रश्न और उसके उत्तर की सही-सही परिभाषा संभव है ? कीड़े की बात ने महर्षि को निरूत्तर कर दिया। फिर भी उन्होंने उससे पूछा, अच्छा यह बताओं कि तुम इतनी तेजी से कहां जा रहे हो ? कीड़े ने कहा, मैं तो अपनी जान बचाने के लिए भाग रहा हूं। देख नहीं रहे, पीछे से कितनी तेजी से बैलगाड़ी चली आ रही है। कीड़े के ऊपर ने महर्षि को चौंकाया। वे बोले, तुम इस कीट योनि में पड़े हो। यदि मर गए तो तुम्हें दूसरा और बेहतर शरीर मिलेगा। इस पर कीड़ा बोला, महर्षि मैं तो इस कीट योनि में रह कर कीड़े का आचरण कर रहा हूं, परंतु ऐसे प्राणी असंख्य हैं, जिन्हें विधाता ने शरीर तो मनुष्य का दिया है, पर वे मुझसे भी गया-गुजरा आचरण कर रहे हैं। मैं तो अधिक ज्ञान नहीं पा सकता, पर मानव तो श्रेष्ठ शरीरधारी है, उनमें से ज्यादातर ज्ञान से विमुख होकर कीड़ों की तरह आचरण कर रहे है। कीड़े की बातों में महर्षि को सत्यता नजर आई। वे सोचने लगे कि वाकई जो मानव जीवन पाकर भी देहासक्ति और अहंकार से बंधा है, जो ज्ञान पाने की क्षमता पाकर भी ज्ञान से विमुख है, वह कीड़े से भी बदतर है। महर्षि ने कीड़े से कहा, ''नन्हे जीव, चलो हम तुम्हारी सहायता कर देते है। तुम्हें उस पीछे आने वाली बैलगाड़ी से दूर पहुंचा देता हूं। कीड़ा बोला किंतु मुनिवर श्रमरहित पराश्रित जीवन विकास के द्वार बंद कर देता है। कीड़े के कथन ने महर्षि को ज्ञान का नया संदेश दिया।

# सिकोसा के एटीपी मशीन से 43 गांवों के 14 हजार उपभोक्ता लाभान्वित



विद्युत वितरण केंद्र सिकोसा के अंतर्गत 43 ग्रामों के विद्युत उपभोक्ताओं को बिजली बिल भुगतान हेतु एटीपी मशीन की सुविधा प्रदान की गई। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सिकोसा की सरपंच श्रीमती भोज बाई महादेवा ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए दुर्ग क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक श्री भीमसिंह कंवर, अधीक्षण अभियंता श्री विकास गुप्ता सहित कार्यपालन अभियंता श्री ए.डी.टंडन, सहायक अभियंता श्री एस.के. महादुले कनिष्ठ अभियंता श्री कमलेश साहू एवं अन्य उपस्थितजनों के प्रति आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के इस पहल की सराहना की।



# 33/11 केव्ही उपकेन्द्र निकुम ऊर्जीकृत



दुर्ग क्षेत्र के ग्राम निकुम में नवनिर्मित 33/11 के.व्ही उपकेन्द्र को 12 अप्रैल को ऊर्जीकृत किया गया। वितरण केंद्र अंडा के अंतर्गत निर्मित इस उपकेन्द्र में 05 एम.व्ही.ए. का एक नग पॉवर ट्रांसफार्मर ऊर्जीकृत किया गया, जिससे ग्राम निकुम सहित 08 गांवों के उपभोक्ता बेहतर विद्युत सुविधा का लाभ उठा सकेंगे। कार्यपालक निदेशक श्री भीम सिंह कंवर ने इस अवसर पर कहा कि विद्युत व्यवस्था सुदृढ़ बनाने के लिए लो-वोल्टेज वाले क्षेत्रों को चिन्हांकित कर वहां की तकनीकी समस्याओं को दुरुस्त करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी दिशा में नवनिर्मित उपकेन्द्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले कार्यपालन अभियंता(परियोजना) श्री हेमंत कुमार ठाकुर, टीम में शामिल सहायक अभियंता, कनिष्ठ अभियंता एवं लाइन मैन सहित उनकी पूरी टीम की प्रशंसा करते हुए उन्होंने बधाई दी।

कार्यपालन अभियंता(परियोजना) श्री हेमंत कुमार ठाकुर ने बताया कि उक्त उपकेन्द्र मुख्यमंत्री ऊर्जा प्रवाह योजना के अंतर्गत लगभग 02 करोड़ 44 लाख की लागत से पूर्ण किया गया है। इसके ऊर्जीकृत होने से ग्राम निकुम, आलबरस, विनायकपुर, आमटी, भरदा, अछोटी, देवरी, एवं गुरेदा ग्रामों के विद्युत उपभोक्ता लाभान्वित होंगे।

# पेण्ड्रीतराई में ग्राम शक्ति दिवस का आयोजन

केन्द्र/राज्य सरकार की मंशा अनुरूप संचालित/क्रियान्वित किये जा रहे ग्राम स्वराज अभियान के तहत जिला स्तरीय ग्राम शक्ति दिवस का आयोजन 28.04.18 को ग्राम पेण्ड्रीतराई ब्लाक धमधा में किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केबिनेट मंत्री छ.ग. शासन माननीया श्रीमती रमशीला साहू, विशिष्ट अतिथि विधायक बेमेतरा माननीय श्री अवधेश चंदेल, विधायक अहिवारा श्री सांवला राम डाहरे, जिला जनपद अध्यक्ष दुर्ग श्रीमती माया बेलचंदन एवं जनपद अध्यक्ष श्री जय सिंह राजपूत तथा कलेक्टर दुर्ग श्री उमेश अग्रवाल के गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छ.स्टे.पा.डि.कं.लिमि., दुर्ग क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक श्री भीम सिंह कंवर, अधीक्षण अभियंता श्री विकास गुप्ता, कार्यपालन अभियंता द्वय श्री ए0डी0टण्डन एवं श्री ओ0पी0भारद्वाज उपस्थित हुए। उल्लेखनीय है कि ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत दुर्ग जिले के 12 ग्रामों यथा नंदवाय, सेवती, पेण्ड्रीतराई, पितौरा, गिरहोला, खपरी, लहंगा, पंचदेवरी, ढ़ाबा, उपरपोटी, डुमरडीह एवं राखी का चयन किया गया है। इन 12 ग्रामों में शतप्रतिशत विद्युतीकरण का कार्य पूर्ण किया जा चुका है एवं आवासों में सौभाग्य योजना के अंतर्गत कुल 454 कनेक्शन उपरोक्त ग्रामों में प्रदाय किये गये है। ग्राम पेण्ड्रीतराई में कुल 41 कनेक्शन दिये गये हैं। इस अवसर पर उपस्थित 7 ग्राम पंचायतों के सरपंचों को शतप्रतिशत विद्युतीकरण में सहयोग हेतु प्रमाण पत्र मुख्य अतिथि एवं माननीय विशिष्ट अतिथियों द्वारा प्रदान किया गया, साथ ही उपस्थित हितग्राहियों को भी कनेक्शन प्राप्त होने संबंधी प्रमाण पत्र प्रदाय किया गया। विदित हो कि दुर्ग जिले में कुल 384 ग्राम हैं, इन ग्रामों में सौभाग्य योजना का कार्य प्रारंभ होने की स्थिति में प्राप्त आवेदनों में से सभी आवेदनों पर कार्यवाही की जा चुकी है।






# एचटीपीएस में रात्रिकालीन मैच: सीई इलेवन की टीम बनी चैंपियन

हसदेव ताप विद्युत गृह के लाल मैदान पर विभिन्न सर्कलों से बनी टीम के बीच 27 मार्च से 03 अप्रैल 2018 तक रात्रिकालीन क्रिकेट मैच खेला गया। मैच के फाइनल मुकाबले में मुख्य अभियंता श्री राजेश वर्मा प्रमुख रूप से मौजूद रहे। मैच के शुभांरभ समारोह में अतिथियों में शामिल अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री एसपी चेलकर और विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री पीके जैन ने खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी। इस मौके पर अंतरक्षेत्रीय क्रीड़ा समिति के सचिव श्री आनंद मोखरीवाले, वरिष्ठ कल्याण अधिकारी श्री पीके. दवे, सहायक प्रकाशन अधिकारी श्री बसंत शाहजीत मौजूद रहे। रात्रिकालीन क्रिकेट मैच के फाइनल मुकाबले में खिलाड़ी समीर निर्मल 55 रन व सुयश 61 रन की भागीदारी और पवन शर्मा की शानदार गेंदबाजी व पांच विकेट की बदौलत सीई इलेवन ने शानदार जीत दर्ज की। विजेता टीम सीई इलेवन को अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री एसपी चेलकर और अधीक्षण अभियंता श्री आरके. शास्त्री के हाथों ट्रॉफी सौंपा गया। बेस्ट बैट्समैन का खिताब गौरव गुप्ता को दिया गया। बेस्ट बॉलर का खिताब अखिलेश साव को दिया गया। क्रिकेट मैच के निर्बाध संचालन में अंतरक्षेत्रीय क्रीड़ा समिति के सचिव श्री आनंद मोखरीवाले और श्री शशांक कर्महे ने सफल भूमिका का निर्वहन किया। फाइनल मैच के पुरस्कार वितरण समारोह का संचालन श्री पीआर खुंटे कल्याण अधिकारी द्वारा किया गया।



# ग्राम इंदामारा को मिला शत-प्रतिशत कनेक्शन वाले ग्राम पंचायत का सम्मान

राजनांदगांव विकासखण्ड में जनसंपर्क अभियान के दौरान 09 अप्रैल 2018 को माननीय मुख्यमंत्री डॉ0 रमन सिंह ने सौभाग्य योजना के तहत शतप्रतिशत बिजली कनेक्शन प्रदान किये जाने हेतु सराहनीय प्रयासो के लिए ग्राम पंचायत इंदामारा को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। यह प्रशस्ति पत्र गांव के सरपंच श्रीमती रेवती बाई वर्मा ने ग्रहण किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ0 रमन सिंह ने कहा कि जून 2018 तक राजनांदगांव जिले का हर घर प्रधानमंत्री हर घर सहज बिजली "सौभाग्य" योजना से रोशन हो जायेंगें। इस योजना के अन्तर्गत बीपीएल परिवारों को निःशुल्क विद्युत कनेक्शन वितरित किये जा रहे हैं तथा ग्रामीण क्षेत्र के एपीएल परिवारों को भी 50 रूपये के दस मासिक किश्तों पर कनेक्शन दिया जा रहा है। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड राजनांदगाव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक श्री संजय पटेल ने बताया कि सौभाग्य योजना के तहत राजनांदगांव डिवीजन के समस्त 248 ग्रामों को शतप्रतिशत विद्युत कनेक्शन वाले ग्राम घोषित कर दिये गये हैं। विद्युत कंपनी द्वारा राजनांदगांव जिले के 1600 ग्रामों में से 1436 ग्रामों को शतप्रतिशत विद्युत कनेक्शन वाले ग्राम घोषित कर प्रमाण पत्र प्रदाय किये गये है। जिले में 13098 विद्युत कनेक्शन के लक्ष्य को त्वरित गति से हासिल करते हुए अब तक 10011 हितग्राहियों को कनेक्शन जारी भी किये जा चुके हैं। इसका श्रेय अधीक्षण



अभियंता श्री अविनाश सोनेकर, कार्यपालन अभियंता श्री व्ही0आर0के0 मुर्ति एवं उनकी टीम को देते हुए बधाई प्रेषित की।

# फिरतूटोला (जुनापानी), बालोद में 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र ऊर्जीकृत

दुर्ग क्षेत्र के वितरण केंद्र डौण्डीलोहारा के अंतर्गत नवनिर्मित सबस्टेशन फिरतूटोला में 05 एम.व्ही.ए. का एक नग पॉवर ट्रांसफार्मर 07 अप्रैल 2018 को ऊर्जीकृत किया गया, जिससे आसपास के लगभग 32 गांवों के उपभोक्ता बेहतर विद्युत सुविधा का लाभ उठा सकेंगे। दुर्ग क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक श्री भीम सिंह कंवर ने कहा कि विद्युत कंपनी द्वारा लो-वोल्टेज वाले क्षेत्रों को चिन्हांकित कर वहां के तकनीकी समस्याओं को दुरुस्त करने का प्रयास किया जा रहा है, उन्होंने नये उपकेन्द को पूर्ण करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले अभियंताओं सर्वश्री हेमंत कुमार ठाकुर, सहित उनकी पूरी टीम की प्रशंसा करते हुए उन्हें बधाई दी।

कार्यपालन अभियंता(परियोजना) श्री हेमंत कुमार ठाकुर ने बताया कि उक्त कार्य मुख्यमंत्री ऊर्जा प्रवाह योजना के अंतर्गत 02 करोड़ 23 लाख की लागत से पूर्ण किया गया है। उन्होंने बताया कि इस नवनिर्मित सब-स्टेशन के ऊर्जीकृत होने से ग्राम जूनापानी, ननगूटोला, भीमाटोला, अम्रुटोला, रेंगाडबरी, चिलमगोटा, टुंडेकुंडेल, पुनारकषा, खैरकट्टा, अर्जुनी, भीमपुरी, दुर्गीटोला, बंजारी, डुमाटोला, भर्रीटोला, मंगचुआ, तुरमुड़ा, मंदोरी, मरसकोला, नरसूटोला, करतुटोला, कुदारी, दल्ली, हूच्चेटोला, केरमपारा, चंदोडीह, भूताटोला, नयापारा, बंजारीडीह, करेंगांव, झोलाटोला एवं कुरेटीटोला ग्रामों के विद्युत उपभोक्ता लाभान्वित होंगे।





# केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान में विदाई समारोह



छत्तीसगढ राज्य वितरण कंपनी के गुढियारी रायपुर स्थित केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान कार्यालय से सेवानिवृत्त कर्मचारी श्री सीताराम साहू को भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर मुख्य अभियंता श्री आर.बी.त्रिपाठी ने उन्हें स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति प्रमाण पत्र भेंट कर उनके परिवारजनों के स्वस्थ व सुखद जीवन की कामना की। कार्यक्रम में श्री साहू ने सभी अधिकारी-कर्मचारियों से मिले सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन श्री ए0एन भट्टाचार्यजी कनिष्ठ अभियंता द्वारा किया गया। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता श्री आई. एल. देवांगन, कार्यपालन अभियंता सर्वश्री एस.एस. पटनायक एवं ए.के. सोनी सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी गण उपस्थित थे ।

# 132/33 के.व्ही. तखतपुर उपकेन्द्र ऊर्जीकृत

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी द्वारा 132/33 के.व्ही. तखतपुर उपकेन्द्र एवं 36 किलोमीटर लम्बी मुंगेली-तखतपुर पारेषण लाईन को ऊर्जीकृत करने में 07 अप्रेल 18 को सफलता प्राप्त की गई। लगभग 16 करोड़ रूपये की लागत से निर्मित इस उपकेंद्र की क्षमता 40 एम.व्ही.ए. है तथा नई ऊर्जीकृत लाईन की लागत लगभग 24 करोड़ रूपये है। दिसम्बर 2016 से निर्माणाधीन इस उपकेन्द्र को कंपनी की प्रबंध निदेशक श्रीमती तृप्ति सिन्हा एवं अन्य उच्चाधिकारियों की उपस्थिति में सफलतापूर्वक ऊर्जीकृत किया गया। इस उपकेन्द्र के निर्माण के पश्चात् अब उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण सतत एवं सुचारू रूप से विद्युत प्रदाय किया जा सकेगा। इस उपकेन्द्र से तखतपुर, गिरधौना, वेलपान एवं दईजा मिलाकर लगभग 149 गांव लाभान्वित होंगे। इस उपकेन्द्र के निर्माण के पूर्व इन क्षेत्रों में बिलासपुर, पथरिया, मुंगेली एवं रतनपुर उपकेन्द्रों से विद्युत आपूर्ति की जा रही थी।

# पुरई एवं हथखोज उपकेन्द्र के ऊर्जीकृत होने से गांवों को लोड शेडिंग से मुक्ति



दुर्ग क्षेत्र के अंतर्गत पुरई में तथा हथखोज में निर्मित 33/11 के.व्ही. उपकेंद्र को 15 मार्च 2018 को ऊर्जीकृत किया गया। एस.टी.एन. योजना के अंतर्गत 01 करोड़ 67 लाख की लागत से 05 एम.व्ही.ए. का पॉवर ट्रांसफार्मर पुरई उपकेन्द्र में एवं आई.पी.डी.एस. योजना के अंतर्गत 33/11 के.व्ही. नवनिर्मित विद्युत उपकेंद्र सी.एस.आई.डी.सी. हथखोज में लगभग 01 करोड़ 54 लाख की लागत से 05 एम.व्ही.ए. का पॉवर ट्रांसफार्मर ऊर्जीकृत किया गया।

कार्यपालक निदेशक श्री भीम सिंह कंवर ने इस उपलब्धि हेतु कार्यपालन अभियंता (प्रोजेक्ट) श्री हेमंत ठाकुर एवं उनकी पूरी टीम बधाई दी। कार्यपालन अभियंता(प्रोजेक्ट) श्री हेमंत कुमार ठाकुर ने बताया कि इन दो नये उपकेन्द्रों के निर्माण से पुरई के आसपास 08 ग्रामों यथा ग्राम पुरई, उमरपोटी, बोरीगारका, कातरो, मातरो, बोरीडीह, करगाडीह एवं उतई(आदर्श नगर) तथा हथखोज उपकेन्द्र के अंतर्गत नवीन औद्योगिक क्षेत्र के उपभोक्ता लाभान्वित होंगे।

# राजनांदगांव में कर्मचारी विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम



राजनांदगांव क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रशासनिक भवन में दत्तोपंत टेंगड़ी राष्ट्रीय श्रमिक शिक्षा एवं विकास बोर्ड श्रम मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में 16 एवं 17 अप्रैल को दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक श्री संजय पटेल एवं मुख्य अभियंता श्री डबल्यू.आर.वानखेडे ने कहा कि आपका जीवन अमूल्य है, तनाव से आप जितना दूर रहोगे उतने ही अच्छे परिणाम आपके कार्य में देखने मिलेगा। ऐसे प्रशिक्षणों का आयोजन आपको प्रोत्साहित करने और दैनिक क्रियाकलाप में ताजगी प्रदान करने के लिए किया जाता है। उन्होने दो दिवसीय कर्मचारी विकास प्रशिक्षण में मिली जानकारी को आत्मसात करने एवं ज्ञान के प्रकाश को अपने कार्य क्षेत्र में अपने निकटस्थ कर्मियों में बांटने की बात कही। अतिथियों द्वारा इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम को निरंतर आयोजित करने पर बल दिया गया जिससे कि कर्मचारियों का तकनीकी के अलावा सर्वांगीण विकास हो सके। इस कार्यक्रम में श्री अरविंद कुमार धुर्वे शिक्षाधिकारी द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कार्यस्थल पर सुरक्षा, सकारात्मक सोच, समय एवं तनाव प्रबंधन आदि विषयों पर व्याख्यान दिया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन अवसर पर अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री टी0के0 मेश्राम सहित अभियंतागण सर्वश्री वी0के0 दीक्षित, अविनाश सोनेकर, आर.एन.याहके, एन0के0 बिसेन, जे0एल0 साहू, भूषण वर्मा उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कार्यपालन अभियंता श्री सुनील कुमार भुआर्य द्वारा किया गया।

# एचटीपीएस में राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह



हसदेव ताप विद्युत गृह में 05 से 09 मार्च तक तक आयोजित राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह में मुख्य अभियंता श्री राजेश वर्मा, अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री पीके जैन और मुख्य रसायनज्ञ श्री सुनील नायक ने कहा कि औद्योगिक स्थलों में शून्य दुर्घटना हमारा लक्ष्य होना चाहिए। कर्मचारीगण सुरक्षा के प्रति सजग रहते हुए सुरक्षा उपकरणों का उपयोग करें और असुरक्षित कार्य से बचे ताकि कोई भी दुर्घटना न हो।


कार्यक्रम समापन पर नारा, भाषण और कविता प्रतियोगिता के विजेताओं को अतिथियों के हाथों पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्री के.के. नेमा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में दिलीप ढोमने, दिव्या गढ़पाले, मुख्य संरक्षा अधिकारी टीके हाजरा सहित ताप विद्युत गृह के अधिकारी, कर्मचारी और ठेका श्रमिक उपस्थित रहे।

# लोक सुराज अभियान के दौरान बस्तर के अनेक गांव पूर्ण ऊर्जीकृत घोषित



जिला बस्तर में लोक सुराज अभियान 2018 के समाधान शिविर के दौरान दिनांक 12.03.2018 को ग्राम चारगांव, विकासखण्ड बकावंड। ग्राम तारेका विकासखण्ड बकावंड तथा ग्राम बड़ेचकवा, विकासखण्ड बस्तर एवं दिनांक 13.03.2018 को ग्राम कुरेंगा, विकासखण्ड तोकापाल, ग्राम मांझीपाल विकासखण्ड दरभा। ग्राम पेदावाडा, विकासखण्ड दरभा तथा ग्राम कुटुमसर, विकासखण्ड दरभा को शतप्रतिशत उर्जीकृत ग्राम घोषित किया गया।

# सौभाग्य योजना के उत्कृष्ट संचालन हेतु मुख्यमंत्री की सराहना



भीम सिंह
आई. ए. एस.
कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी

कार्यालय, कलेक्टर राजनांदगांव ( छत्तीसगढ़ )
दूरभाष : 07744-226236 ( कार्या. ), 226237 ( नि. )
फैक्स : 07744-225117 ( कार्या. ), 226398 ( नि. )
ई-मेल : rnandgaon.cg@nic.in

अर्ध-शास. पत्र क्र. 5582/P.A/2018
दिनांक 20/3/2018.

Dear Sonekarji,


शासन की अति महत्वपूर्ण योजना प्रधानमंत्री सहज बिजली, हर घर बिजली सौभाग्य योजनान्तर्गत आपका कार्य अत्यन्त उत्कृष्ट एव संतोषजनक रहा है, जिसके फलस्वरूप ही लोक सुराज अभियान की समीक्षा बैठक मे माननीय मुख्यमंत्रीजी द्वारा भी आपके विभाग की सराहना की गई है, जिस हेतु निश्चित रूप से आप धन्यवाद एव प्रशंसा के पात्र है।

आशा है, भविष्य में भी आप इसी प्रकार कर्तव्यनिष्ठता का परिचय देते हुए उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करते रहेंगे।

सस्नेह।

भवदीय
(भीम सिंह)

प्रति,
श्री अविनाश सोनेकर,
अधीक्षण अभियंता,
छ.ग.राज्य विद्युत मण्डल,
राजनांदगांव



भीम सिंह
आई. ए. एस.
कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी

कार्यालय, कलेक्टर राजनांदगांव ( छत्तीसगढ़ )
दूरभाष : 07744-226236 ( कार्या. ), 226237 ( नि. )
फैक्स : 07744-225117 ( कार्या. ), 226398 ( नि. )
ई-मेल : rnandgaon.cg@nic.in

अर्ध-शास. पत्र क्र. 5582/PA/2018
दिनांक 20/3/2018.

Dear Murty,

शासन की अति महत्वपूर्ण योजना प्रधानमंत्री सहज बिजली, हर घर बिजली सौभाग्य योजनान्तर्गत आपका कार्य अत्यन्त उत्कृष्ट एवं संतोषजनक रहा है, जिसके फलस्वरूप ही लोक सुराज अभियान की समीक्षा बैठक में माननीय मुख्यमंत्रीजी द्वारा भी आपके विभाग की सराहना की गई है, जिस हेतु निश्चित रूप से आप धन्यवाद एवं प्रशंसा के पात्र है।

आशा है, भविष्य में भी आप इसी प्रकार कर्तव्यनिष्ठता का परिचय देते हुए उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करते रहेंगे।

सस्नेह।

भवदीय
(भीम सिंह)

प्रति,
श्री बी.के.आर. मूर्ति,
कार्यपालन अभियंता,
छ.ग.राज्य विद्युत मण्डल,
राजनांदगांव

शासन की महत्वकांक्षी योजना प्रधानमंत्री सहज बिजली हर घर योजना "सौभाग्य योजना" के उत्कृष्ट संचालन हेतु माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी, राजनांदगांव क्षेत्र की सराहना की गई। इसी तारतम्य मे जिला कलेक्टर राजनांदगांव, श्री भीम सिंह ने श्री अविनाश सोनेकर, अधीक्षण अभियंता (वृत्त) राजनांदगांव एवं श्री व्ही0 आर 0के0मूर्ति, कार्यपालन अभियंता (संचा/संधा) संभांग राजनांदगांव को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

# कलंगपुर में वितरण केंद्र कार्यालय का शुभारंभ




दुर्ग क्षेत्र के अंतर्गत कलंगपुर में कनिठ अभियंता विद्युत कार्यालय का शुभारंभ गुण्डरदेही के पूर्व विधायक श्री घनाराम साहू, दुर्ग क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक श्री भीमसिंह कंवर एवं अधीक्षण अभियंता श्री विकास गुप्ता के आतिथ्य में 31 मार्च 2018 को संपन्न हुआ। कलंगपुर में बिजली कार्यालय की शुरुआत होने से क्षेत्र के पेन्डरी, भटगांव, खुटेरी, डोगीतराई, जोरातराई, खलारी, मुन्देरा, झोफरा, किलेपार, फुण्डा, बोरगहन, अचौद, रजोली, बोदल, मोखा, परसदा, बरबसपुर, चारभांठा सहित आसपास के लगभग 30 गांवों के विद्युत उपभोक्ताओं को सुविधा प्राप्त होगी। कार्यक्रम में जनपद सदस्य श्री दिलीप कुल्हारे, कार्यपालन अभियंता श्री धर्मेन्द्र भारती, सहायक अभियंता श्री एस.के.महादुले, कनिष्ठ अभियंता श्री टी.एस.भाटिया सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित हुए।



# विद्युत वितरण केंद्र अंडा-जामगांव (आर) में एटीपी मशीन स्थापित

दुर्ग क्षेत्र के विद्युत वितरण केंद्र अंडा एवं जामगांव (आर) में एटीपी मशीन का शुभारम्भ हुआ। इस अवसर पर उपभोक्ताओं सहित कार्यालयीन अधिकारियों-कर्मचारियों को कार्यपालक निदेशक श्री भीम सिंह कंवर एवं अधीक्षण अभियंता श्री विकास गुप्ता ने बधाई दी एवं एटीपी मशीन का अधिकाधिक उपयोग करने प्रेरित किया।

कार्यपालन अभियंता श्री एडी टंडन एवं सहायक अभियंता श्री एस के महादुले एवं अंडा - जामगांव वितरण केंद्र के कनिष्ठ अभियंता श्री अविनाश दुबे, जनक राम साहू उपस्थित थे। एटीपी मशीन के शुरू होने से ग्राम अंडा के आस पास के लगभग 30 तथा जामगांव आर के 39 ग्रामों के उपभोक्ताओं को विद्युत् बिल भुगतान के लिए




लगने वाली लंबी कतारों से राहत मिलेगी। श्री दुबे ने बताया कि एटीपी मशीन के लग जाने से उपभोक्ताओं को अब सप्ताह के सातों दिन सुबह आठ बजे से रात्रि आठ बजे तक अपने विद्युत बिलों के भुगतान करने की सुविधा प्राप्त होगी। साथ ही



इस मशीन के लग जाने से किसी उपभोक्ता के पास किसी कारण से बिल न होने की स्थिति में अपना सर्विस क्रमांक या नाम बता कर सीधे बिल की राशी की जानकारी प्राप्त कर बिल का भुगतान किया जा सकता है।

# कोरबा-बिलासपुर पारेषण कंपनी कार्यालय में दो दिवसीय प्रशिक्षण



छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी द्वारा कोरबा में 8 एवं 9 मार्च तथा बिलासपुर में 19 एवं 20 मार्च को प्रशिक्षण शाला का आयोजन किया गया। इसमें औद्योगिक जीवन में बेहतर जीवन शैली, शून्य दुर्घटना, तनावमुक्त जीवन और योग ध्यान विषय पर व्याख्यान हुए। इसमें ट्रांसमिशन कंपनी के उपमहाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्री आरके तिवारी ने कहा कि मानव जीवन में प्रशिक्षण का बड़ा महत्व है, इससे किसी भी व्यक्ति की कार्यदक्षता में वृद्धि होती है। यह प्रशिक्षण और भी उपयोगी हो जाती है, जब कंपनी के कर्मी इसमें अपने अनुभव शेयर करते हैं। बिलासपुर कार्यशाला का शुभारंभ अभीक्षण अभियंता श्रीमती मधु मिंज ने किया।

कार्यशाला में छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट आफ इंडस्ट्रियल साल्यूशन एंड ट्रेनिंग (सीआईआईएसटी) के प्रशिक्षक डॉ. आर.डी सिंह ने कहा कि जीवन में हमेशा सीखते रहना चाहिए। यदि सीखना बंद कर दिया तो जीतना बंद हो जाएगा, इसलिए अपनी प्रतिभा को सदैव निखारते रहने का प्रयास बनाये रखें। औद्योगिक संस्था में कार्य करते समय किसी भी समस्या के निवारण के लिए सकारात्मक सोच आवश्यक है। इस अवसर पर अभियंता श्रीमती कल्पना घाटे, श्रीमती निवेदिता जायसवाल, श्री जाहर लाल उरांव, सहायक अभियंता सुश्री श्रद्धा कश्यप सहित अधिकारी-कर्मचारी विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यशाला के संयोजक वरिष्ठ कल्याण अधिकारी श्री केबीएल चौकसे ने कहा कि कार्यस्थल पर सावधानी और सुरक्षा दुर्घटना रोकने के लिए बहुत आवश्यक है। इस अवसर पर पावर जनरेशन कंपनी कोरबा (पूर्व) के अधीक्षण अभियंता (प्रशिक्षण) श्री तरूण नेताम ने प्रतिभागियों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में वरिष्ठ कल्याण अधिकारी श्री सरयूप्रसाद बारले, कार्यपालन अभियंता श्री इंजोर कुमार साय एवं सहायक अभियंता श्री तामेश्वर सिंह की विशेष भागीदारी रही।

# डीएसपीएम विद्युत गृह कोरबा पूर्व में राष्ट्रीय स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन




स्वच्छ भारत अभियान के तहत् श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार द्वारा औद्योगिक प्रतिष्ठानों में चलाये जा रहे स्वच्छता पखवाडा कार्यक्रम के तारतम्य में डीएसपीएम ताप विद्युत गृह कोरबा पूर्व में एक से पद्रह मई तक राष्ट्रीय स्वच्छता कार्यक्रम के तहत स्वच्छता पखवाड़ा के आयोजन की शुरूआत कार्यपालक निदेशक श्री एम.एस.कंवर एवं अति.मुख्य अभियंता श्री बी बी पी मोदी श्री आर के भागवत के द्वारा संयत्र परिसर में झाड़ू लगा कर किया गया । इस अवसर पर श्री कंवर ने डीएसपीएम ता.वि.गृह कोरबा पूर्व के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता शपथ दिलाया। तत्पश्चात सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियो ने अपने अपने क्षेत्र की साफ-सफाई की।

स्वच्छता पखवाड़ा में अलग अलग दिनों में डीएसपीएम ता.वि.गृह कोरबा पूर्व के सी एच पी,रसायन विभाग,स्टोर जलशोधक संयंत्र, आवासीय परिसर, प्रशासनिक भवन तथा विभिन्न विभागीय कार्यालयों के आस पास की साफ-सफाई की जावेगी। पखवाडा के अंतिम दिवस स्छता संबंधी निबंध एवं नारा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। पूर्व निर्धारित कार्यक्रमानुसार आवासीय परिसर मे गायत्री मंदिर क्षेत्र की साफ-सफाई हेतु आयोजित शिविर में अति.मुख्य अभियंता (प्रसाशन) श्री बी बी पी मोदी ,श्री एस.के.नायर अधीक्षण अभियंता (सिविल) एवं श्री एच.के. गुप्ता अधीक्षण अभियंता मानव संसा. श्री आर.के.राय, मुख्य रसायनज्ञ, वरि.कल्याण अधिकारी श्री एस.पी. बारले ,उद्यान अधिकारी श्री एस.पी.द्विवेदी, कार्यपालन अभियंता श्री आर.पी.खरे एवं अन्य अधिकारियों कर्मियों एवं श्रमिक संगठन के पदाधिकारियों तथा सिविल विभाग के अधिकरियों ने सड़क तथा क्षेत्र की साफ-सफाई किया। श्री मोदी ने राष्ट्रीय स्वच्छता अभियान एवं स्वच्छ भारत कार्यक्रम में सम्मिलित होकर स्वच्छ संयत्र, स्वच्छ परिसर, एवं स्वच्छ भारत के निर्माण के लिए लोगों से आव्हान किया तथा उन्हे शपथ दिलाया।

स्वच्छता पखवाड़ा में जागरूकता हेतु नारा एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है श्री कंवर ने सभी से अपील किया है कि इस पवित्र कार्यक्रम में जुड़ कर अभियान को सफल बनावे। कार्यक्रम का संयोजन श्री आर.के.राय,मुख्य रसायनज्ञ तथा संचालन श्री राकेश गुप्ता संरक्षा अधिकारी ने किया।

# सेवानिवृत्त 06 विद्युत कर्मियों को दी ससम्मान विदाई



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, दुर्ग क्षेत्र से सेवानिवृत्त हुए 06 विद्युत कर्मियों को रायपुर नाका स्थित क्षेत्रीय मुख्यालय में सम्मान समारोह आयोजित कर भावभीनी विदाई दी गई। आयोजित समारोह में कार्यपालक निदेशक श्री भीमसिंह कंवर द्वारा सेवानिवृत्तजनों को शॉल, श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया एवं कंपनी में उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए उन्हें सेवा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यपालक निदेशक श्री कंवर ने सेवानिवृत्तजनों के कार्यों की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए उन्हें सफलतापूर्वक सेवानिवृत्त होने के लिए बधाई दी। श्री कंवर ने उनके सपरिवार दीर्घ एवं सुखमय जीवन की कामना की। अधीक्षण अभियंता श्री के.एस. भारती ने सभी सेवानिवृत्त कर्मियों की सुखद भविष्य की कामना की। कार्यालय सहायक ग्रेड-1 श्री ए.के.बिजौरा ने भी सेवानिवृत्तजनों को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की। उल्लेखनीय है कि दुर्ग क्षेत्र से माह अप्रैल 2018 में कार्यालय सहायक श्रेणी-दो श्री बेद राम साहू, वाहन चालक श्री पुराणिक लाल नायक, परिचारक श्रेणी-एक(लाइन) श्री अशोक कुमार यादव एवं श्री फिरंगी दास साहू, परिचारक श्रेणी-दो(लाइन) श्री शिव चरण वर्मा एवं श्री शिव पूजन मिश्रा सेवानिवृत्त हुए। सेवानिवृत्तजनों ने भी सेवाकाल के दौरान के अपने अनुभवों एवं अविस्मरणीय पलों को साझा किया। कार्यक्रम का संचालन श्री आर.के. शर्मा एवं आभार प्रदर्शन कल्याण अधिकारी श्री दीनानाथ वर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में श्रीमती रमा भट्ट, श्रीमती प्रभा थोरात, श्रीमती माया चन्द्राकर, श्री बी.एस. राजपूत, श्री ए.के.गंजीर, श्री एस.एन.वर्मा, श्री एस.के. खरे, श्रीमती लिशी बी जार्ज, श्रीमती शशी रानी बघेल, श्री विरेन्द्र साहू एवं श्रीमती देहूति देवांगन उपस्थित हुए।

# 11 कर्मियों को सेवानिवृत्ति पश्चात विदाई



छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी के 11 कर्मियों को सेवानिवृत्ति पश्चात विदाई दी गई। डगनिया स्थित मुख्यालय के लोड डिस्पैच सेंटर में ट्रांसमिशन कंपनी के प्रभारी प्रबंध निदेशक श्री केएस मनोठिया ने स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र और पेंशन आर्डर व चेक प्रदान किया। उन्होंने कहा कि ट्रांसमिशन कंपनी ने प्रदेश में विद्युत आपूर्ति के लिए बेहतर पारेषण लाइनों का विस्तार किया है, यह सब अधिकारी-कर्मचारियों के अथक परिश्रम से संभव हो सका है।

इस मौके पर सर्वश्री शिवचरण साहू, कार्तिक राम देवांगन, दाऊलाल नायक, गोपा चतुर्वेदी, छबिलाल पटेल, थान सिंह, हबीब मोहम्मद कुरैशी, शत्रुहन साहू, टोटो पनिका, रामदास बारले, सिंधुराम साहू डीआरपी धैर्य, मनीराम साहू, शिवचरण वर्मा, परमेश्वर सिंह एवं श्रीमती आरती बनर्जी को भावभीनी विदाई दी गई। इस मौके पर कार्यपालक निदेशक सर्वश्री बलराम सोनी, शरद कुमार श्रीवास्तव, मुख्य अभियंता डब्ल्यूआर वानखेड़े, पीके गुप्ता, वाईबी जैन, वीके चड्ढा, एसके सक्सेना सहित अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन डीजीएम (एचआर) श्री आरके तिवारी ने तथा संचालन श्री योगेश नैय्यर ने किया।

**वही काम करे, जिसे आप उत्कृष्ट अंदाज में कर सकते हों। औसत प्रदर्शन के लिए कभी कोई पुरस्कार नहीं मिलता।**
**-ब्रायन ट्रेसी**

# बेहतर विद्युत प्रदान करने ग्रिड संचालन की नई तकनीकों पर हुई कार्यशाला

## छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी में दो दिवसीय आयोजन



छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी के स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर में इमर्जिंग टेक्नालाजी एंड स्ट्रेटेजी इन गिर्ड आपरेशन (ग्रिड संचालन में आधुनिक टेक्नालाजी एवं रणनीति) विषय पर दोदिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। मुंबई से आए अधिकारियों ने छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी, डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी व जनरेशन कंपनी के अभियंताओ को बेहतर ग्रिड संचालन की नई तकनीकों के विषय में बताया। इस कार्यशाला का आयोजन पश्चिमी क्षेत्रीय भार प्रेषण केंद्र (डब्ल्यूआरएलडीसी) मुंबई के निर्देशन में किया गया। इसके उद्घाटन पर डब्ल्यूआरएलडीसी मुंबई के कार्यपालक निदेशक श्री वीके श्रीवास्तव ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए कार्यशाला के महत्व पर प्रकाश डाला।

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनी के मुख्यालय डंगनिया स्थित राज्य भार प्रेषण केंद्र में हुई कार्यशाला में डब्ल्यूआरएलडीसी मुंबई से आईं उपमहाप्रबंधक श्रीमती सचला मिश्रा ने छत्तीसगढ़ में भार प्रेषण केंद्र की गतिविधियों का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि खेदामारा (दुर्ग) में ट्रांसमिशन कंपनी ने बैकअप भार प्रेषण केंद्र तैयार किया है, जो कि दूसरे राज्यों के लिए अनुकरणीय है।

कार्यशाला में वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए डब्ल्यूआरएलडीसी मुंबई की एजीएम श्रीमती पुष्पा एस और श्री एसएस रघुवंशी, एजीएम श्री विवेक पांडेय, श्री आदित्य दास व श्री अभिषेक, श्री प्रदीप सनोडिया व नरेश मल्हास ने ग्रिड संचालन में फ्रेक्वेंसी नियंत्रण, सिस्टम की विश्वनीयता, साफ्टवेयर ओपन एक्सेस, वेब शिड्यूलिंग साफ्टवेयर पर चर्चा की। श्रीमती सचला मिश्रा, वरिष्ठ अभियंता श्री श्रीनिवास चितुरी व श्री सुनील पाटिल ने भी कार्यशाला में पावर पाइंट प्रजेंटेशन के जरिए स्काडा (SCADA) तथा ग्रिड की विश्वसनीयता के पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर ट्रांसमिशन कंपनी के कार्यपालक निदेशक श्री केएस मनोठिया, श्री बीआर सोनी, श्री एनके बिजौरा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# मड़वा में शरीर सौष्ठव एवं शक्तित्तोलन स्पर्धा संपन्न



केन्दीय क्रीड़ा एवं कला परिषद, छ.स्टेट पॉवर होल्डिंग कंपनी द्वारा मड़वा में 28 एवं 29 मार्च को शरीर सौष्ठव एवं शक्तित्तोलन स्पर्धा का आयोजन किया गया। स्पर्धा में केन्दीय टीम में शामिल श्री राजेन्द्र कुमार दुरूगकर ने शरीर सौष्ठव में तथा एन.के. दीवान ने शक्तित्तोलन में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। सर्वश्री सेमसन लाबान, लखपति सिंदूर एवं राजकुमार लहरे ने शक्तितोलन में सिल्वर पदक तथा राजेश खरे एवं विजय सेवालकर ने कांस्य पदक प्राप्त किया।

**क्या आप जानते हैं**

### सिलेंडर की कॉलर पर लिखी होती है एक्सपायरी डेट

रसोई गैस सिलेंडर के इस्तेमाल से पहले उसकी एक्सपायरी डेट जरूर चेक करें। यह डेट इसकी कॉलर रिंग की तीन पट्टियों में से एक पर कोड के रूप में लिखी होती है।

सिलेंडर की कॉलर पर लिखा रहता है कोड



यदि सिलेंडर कोड ए- 19 लिखा है तो इसका मतलब है-वर्ष 2019 में जनवरी से मार्च के बीच यह एक्सपायर हो जाएगा। मार्च के बाद इसका इस्तेमाल खतरनाक है।

**यह भी देखें...**

**A,B,C,D के मायने...** A यानी जनवरी से मार्च, B यानी अप्रैल से जून, C यानी जुलाई से सितंबर, D यानी अक्टूबर से दिसंबर ।
यदि रिंग पर बी-19 लिखा हो तो यह सिलेंडर वर्ष 2019 के अप्रैल से जून के बीच एक्सपायर हो जाएगा। यदि ए- 18 या उससे पहले की डेट लिखा सिलेंडर हो तो वितरक के माध्यम से उसे तुरंत वापस करें।

**सिलेंडर में गड़बड़ी हो तो 1906 पर कर सकते हैं संपर्क।**

# बिलासपुर क्षेत्र के 30 अधिकारियों-कर्मचारियों की भावभीनी विदाई

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड बिलासपुर क्षेत्र के सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को क्षेत्रीय मुख्यालय बिलासपुर के कल्याण भवन में आयोजित सम्मान समारोह में भावभीनी विदाईदी गई। माह मार्च में सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों में सर्वश्री रामेश्वर प्रसाद श्रीवास लाईन सहायक श्रेणी 1, श्रीमती शांति बाई पनिका परिचारक श्रेणी 2, मोहित राम साहू भृत्य, मोहन लाल कुरमी परिचारक श्रेणी1, मोहन लाल कश्यप कार्या0 सहा0 श्रेणी 1, श्रीमती मोंगरा बाई ध्रुव भृत्य, बोनीफास टोप्पो लाईन सहायक श्रेणी 1, आनन्दवर्धन त्रिपाठी कार्या0सहा0श्रेणी 1, जवाहर लाल जायसवाल लाईन सहायक श्रेणी 2, अमल कुमार डे कार्यपालन अभियंता, द्वारिका प्रसाद गुप्ता अनुभाग अधिकारी, हरीचरण यादव लाईन सहायक श्रेणी 2, फिरतू दास महंत भृत्य, शुक्लांबर प्रसाद चौहान कार्यालय सहायक श्रेणी 2, बोधी राम सनेही परिचारक श्रेणी 1, एवं माह अप्रैल 2018 में सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों में कु0सरला शर्मा अनुभाग अधिकारी, सोहन साय सिदार परिचारक श्रेणी 1, महेश राम कौशिक लाईन सहायक श्रेणी 1, तिहारू राम रावत लाईन सहायक श्रेणी 2, सालिक राम श्रीवास लाईन सहायक श्रेणी 1, रामकृष्ण साहू कार्या0 सहा0 श्रेणी 1, निरंजन प्रसाद वस्त्रकार परिचारक श्रेणी 1, श्रीमती कीर्ति मालिनी सिंह कार्या0सहा0श्रेणी1, नारायण निषाद परिचारक श्रेणी 1,अजित कुमार मिश्रा सहायक मानचित्रकार, चुन्नी लाल सूर्यवंशी परिचारक श्रेणी 1, रामभरोस सूर्यवंशी लाईन सहायक श्रेणी 2, उत्तम कुमार यादव कार्या0सहा0श्रेणी 2, सुंदर लाल वर्मा परीक्षण सहायक श्रेणी 1, रमा शंकर मिश्रा कार्या. सहा. श्रेणी 1, ने विद्युत कंपनी से मिले सहयोग के लिए सभी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार व्यक्त किया।



श्री कैलाश नारनवरे, कार्यपालक निदेशक (बिलासपुर क्षेत्र) ने सेवा निवृत्तजनों को पॉवर कंपनी की तरफ से देय प्रतिकात्मक भेंट ,विभिन्न प्रकार के भुगतानों के धनादेश तथा शाल श्रीफल से सभी का सम्मान किया तथा उनके एवं उनके परिवार के स्वस्थ जीवन की कामना की।

विदाई समारोह में अति0 मुख्य अभियंता श्री के.के .भगत, अधीक्षण यंत्री श्री ए.के. श्रीवास्तव, श्री जी.पी. सोनवानी, कार्यपालन अभियंता श्री एच.के.मंगेशकर श्री सुरेश जांगडे एवं कार्यालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# अंतर्क्षेत्रीय शक्तित्तोलन एवं शरीर सौष्ठव प्रतियोगिता में रायपुर क्षेत्र को मिला दो गोल्ड एवं एक कांस्य

केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वावधान में मड़वा-तेंदूभाठा खेल क्षेत्र द्वारा 28 से 29 मार्च 2018 तक आयोजित अन्तर्क्षेत्रीय शक्तित्तोलन एवं शरीर साष्ठव प्रतियोगिता में रायपुर क्षेत्र के खिलाड़ी श्री तीजूराम नेताम वरिष्ठ सुरक्षा सैनिक ने अपने वजन वर्ग 83 किलोग्राम में गोल्ड मेडल प्राप्त किया, इसी प्रकार श्री महेन्द्र साहू परिचारक श्रेणी-दो ने वजन वर्ग 105 प्लस किलोग्राम में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल हासिल किया। श्री जावेद खान कार्यालय सहायक श्रेणी-दो ने शरीर सौष्ठव की प्रतियोगिता में सुपर टॉल गुरुप में तृतीय स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक पर कब्जा जमाया।

उल्लेखनीय है कि रायपुर क्षेत्र के दो खिलाड़ियों श्री तीजूराम नेताम और श्री महेन्द्र साहू का अखिल भारतीय विद्युत क्रीड़ा नियंत्रण मण्डल द्वारा आयोजित अखिल भारतीय अन्तर्विद्युतमण्डलीय शक्तित्तोलन स्पर्धा के लिये चयन किया गया। इन खिलाड़ियों ने समूचे रायपुर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। इस अवसर पर क्षेत्रीय मुख्यालय गुढ़ियारी रायपुर के मुख्य अभियंता श्री आर.के.अवस्थी ने अपनी शुभकामनायें प्रेषित करते हुए कहा कि शक्तित्तोलन एवं शरीर सौष्ठव प्रतियोगिता का यह खिताब हमारे लिये विशेष मायने रखता है क्योंकि विद्युत कम्पनी के इस प्रतियोगिता में हमारे खिलाड़ियों द्वारा हमेशा से पदक हासिल करते आ रहे हैं।



शुभकामना संदेश देते हुए श्री अवस्थी ने आगे कहा कि पॉवर कम्पनी उपभोक्ताओं के साथ साथ अपने कर्मियों के हितों के सवंर्धन में सतत् प्रयासरत् रहती है। कम्पनी न सिर्फ खेल में बल्कि स्वास्थ्य, शिक्षा, प्रशिक्षण आदि में भी अपने कर्मियों को विशेष सुविधायें समय पर मुहैय्या कराने का प्रयास करती है। इस अवसर पर कल्याण अधिकारी श्री दीनानाथ वर्मा सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# कोरबा पश्चिम द्वारा महिला दिवस का आयोजन

कोरबा पश्चिम रवीन्द्र सास्कृतिक भवन में वर्किंग वूमेन एशोशिएशन द्वारा आयोजित महिला दिवस समारोह में वर्किंग वूमेन एशोशिएशन अध्यक्ष श्रीमति मालती जोशी के निर्देशन में कई कार्यक्रम हुए। इसमे प्रमुख दर्री थाना प्रभारी डीएसपी श्रीमती साधना सिंह, साधना शर्मा एम.एल.सी कालेज., अधिवक्ता श्रीमती सरिता पान्डे, संकल्प महिला मंडल अध्यक्षा श्रीमती अंजली वर्मा, श्रावणी विश्वास, शुभा गोर्वधन, अनिता जैन, प्राचयिा फरहान अली, सीमा चतुर्वेदी , स्वाती रेगे, सुजाता दुबे सपना लहरी, सीमा क्षत्री एवं सरिता गुप्ता उपस्थित थी

अतिथियों को पारम्परिक गुलदस्तों के स्थान पर इकोफ्रेंडली फ्लॉवर प्लांट देकर स्वागत किया गया। अपने अध्यक्षीय उदबोधन में श्रीमती मालती जोशी ने महिला दिवस की शुभकामनाऐ दी एवं वर्किंग वूमेन एशोशिएशन की विभिन्न गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुऐ स्त्री को अपने आप पर गर्व करने व 100% आत्मविश्वास के साथ काम करने पर बल दिया। डीएसपी श्रीमती साधना सिंह द्वारा प्रेरक उद्बोधन, साधना शर्मा ने अपने शून्य से शिखर तक का सफर एवं सरिता पान्डे ने उपभोक्ता संरक्षण कानून का लाभ एवं महिलाओं से संबधित कानून की धाराओं की विस्तृत जानकारी दी। श्रीमती अंजली वर्मा एवं श्रावणी विश्वास ने महिला दिवस की शुभकामनाऐ दी एवं वर्किंग वूमेन द्वारा दोहरी जिम्मेदारी निभाते हुए भी शानदार सफल आयोजन किये जाने हेतू भरपूर सराहना की।



**इन सभी अतिथियों को विभिन्न क्षेत्रो में विशिष्ट कार्य हेतु सम्मानित किया गया-**

- प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी पावर प्लांट में कार्यरत महिला श्रमिको का सम्मान ( कमला बाई, मंगली देवी, सुनीता जायसवाल, बोंदबाई, बसंती ) किया गया।
- छात्रावास की होनहार बालिकाओ को पाठ्य पुस्तक सामाग्री वितरण किया गया।
- श्रीमति फरहान अली को राष्ट्रपति अवार्ड एवं सीमा चतुर्वेदी को राज्यपाल अवार्ड प्राप्त होने पर सम्मानित किया गया।
- वर्किंग वूमेन एशोशिऐशन की सदस्या डॉली अग्रवाल को संयंत्र में उनके उत्कृष्ट सेवा कार्य ,श्रीमती स्वाती रेगे को वेटरन बैडमिंटन (55.वर्ग ) में बेहतरीन प्रदर्शन हेतु सम्मानित किया गया।
- श्रीमति अर्चना ढोमने द्वारा बनाई गई पद्मावती फेम अतिसुंदर थीडी रंगोली की सभी ने सराहना की इस हेतु उन्हे बेस्ट रंगोली मेकर अवॉर्ड दिया गया।
- समाजिक कार्यकर्ता हेमलता उइके एवं वाणी चक्रवर्ती को भी उनके सराहनीय कार्यो हेतु सम्मानित किया गया।
- कु.किरण कंवर इंजीनियरिंग छात्रा को निशुल्क ट्यूशन पढाने पर नगद राशि एवं प्रतीक चिन्ह तथा कु. रीना राजपूत को उसके Eco-Friendly Sanitary Napkin के मॉडल को राष्ट्रीय स्तर पर चयन हेतु सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के विशेष आर्कषण में एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्त्री अत्याचार शोषण एवं स्त्री शक्ति प्रदर्शन के श्रीमती अनिता सिंह एवं टीम के बेहतरीन थीम डान्स को दर्शको की भरपूर सराहना मिली। बसंती, स्वाती, जयंती, नीतू देवांगन, डॉली, दुलेश्वरी, नीनालता, प्रीति, रिचा आडिल, रिचा क्षेत्रपाल, गायत्री दीवान, निशा कपूर, काजल कृपाल, अंजली स्वेन, अनुषा, मीनाक्षी, अर्चना, नीतू, ज्योति के पंजाबी छत्तीसगढी समूह नृत्य ने दर्शको में समॉ बांधे रखा एवं भरपूर सराहना बटोरी।

विशेष आर्कषक लकी गेम एवं श्रीमती मालती जोशी द्वारा वूमेन डे स्पेशल म्युजिकल हाउजी का सभी ने आनंद लिया एवं इनाम जीते। रिचा क्षेत्रपाल एवं अंजली स्वेन के बेहतरीन मंच संचालन ने सबका मन मोह लिया। उपाध्यक्ष श्रीमती अंजना कुजुर द्वारा समस्त आंगतुको एवं आमंत्रित अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस पूरे आयोजन में गायत्री महिंलागें दिव्या गडपाले, सचिव सुलेखा फूटान, नीलिमा कौशिक , हेमलता नारंग , निशा मिश्रा, स्वीटी, रतन प्रकाश, कार्तिक दास, राजू, पटेल, फिरतू का विशेष योगदान रहा।

# दुर्ग क्षेत्र अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस



दुर्ग क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न कार्यालियों में कार्यरत महिला कर्मचारियों के द्वारा 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती उमा दुग्गल वरिष्ठ शीघ्रलेखक, श्रीमती रमा भट्ट निज सहायक के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में श्रीमती ममता कश्यप सहायक यंत्री एवं अन्य के द्वारा महिला सशक्तीकरण पर अपने विचार रखे गये। आभार प्रदर्शन श्रीमती सुजाता जयन, रम.ी राजेन्द्रन, अनीता राजीव के द्वारा किया गया।


# रायगढ़ में ग्रामशक्ति दिवस का आयोजन

ग्राम स्वराज अभियान के तहत विद्युत विभाग के द्वारा 29 अप्रैल 2018 को रायगढ़ के पॉलीटेक्निक ऑडिटोरियम में प्रधानमंत्री सहज बिजली हर घर योजना अंतर्गत ग्रामशक्ति दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर अपने ग्राम पंचायतों को शतप्रतिशत विद्युतिकरण करने वाले सरपंचों को प्रमाण पत्र दिया गया। रायगढ़ विधायक रोशन लाल अग्रवाल ने कहा कि जिला को पूर्णरूप से विद्युतकरण करने के लिए बेहतर क्रियान्वयन किया जा रहा है। ताकि ग्रामीणजनों को विद्युत आपूर्ति का पूर्ण लाभ मिल सके। अभियान का उद्देश्य शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। अधीक्षण अभियंता श्री चंद्रशेखर सिंह ने इस अवसर पर कहा कि सौभग्य योजना का लाभ जिले के 21 हजार परिवारों को मिल रहा है। साथ ही तीन लाख परिवारों को एलईडी बल्ब प्रदान किया गया



है। विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता रणदीप देयासी ने जानकारी दी कि जिले में 9 विकासखंड में चार ब्लाक रायगढ़, सारंगढ़, बरमकेला और तमनार को शतप्रतिशत विद्युतिकृत कर दियाय गया है। आगामी 30 मई तक रायगढ़ जिले को पूर्णरूप से विद्युतकृत करने का लक्ष्य रखा गया है। इस अवसर पर कार्यपालन अभियंता गुंजन शर्मा, विद्युत विभाग के अधिकारी सुनील साहू, आरके राव सहित बड़ी संख्या हितग्राहीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम में मंच संचालन प्राचार्य राजेश डेनियल ने किया।

## चिट्ठी आई है



**डॉ. विनय कुमार पाठक**
एम.ए., पी-एच.डी., डी.लिट (हिन्दी)
पी-एच.डी., डी.लिट (भाषाविज्ञान)
अध्यक्ष (राज्य मंत्री दर्जा)
छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग

- कार्यालय -
**छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग**
शहीद स्मारक परिसर, रायपुर (छ.ग.) 492001
दूरभाष नं. : (0771) 2222121, 2222123
E-mail : sachiv@cgrajbhashaaayog.com
Website : cgrajbhashaaayog.com,

क्रमांक :

रायपुर, दिनांक 07/02/2018

सम्मति

'संकल्प' पत्रिका के नवा अंक देखे ला मिलिस। छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कम्पनी मन के पहिली पत्रिका 'संकल्प' ला [illegible] का देखाए हे। सार-सार मा सबो [illegible] समाये हे। एहर आपके संपादन के खूबी ए। आपके ए पत्रिका ले अलग-अलग क्षेत्र मा उल्लेखनीय काम करइया मन आपके पत्रिका ही नहीं, पूरा राज के गौरव बन गे हें। [illegible] मुख्य अभियंता के छत्तीसगढ़ी कविता मन ला लेके शोध मोर मान अउ [illegible] बन गे। उनला मोर बधाई अउ [illegible] ए दूनों मा [illegible] के तेहा सैंही [illegible] चिन्हा बन परे हे। [illegible] के कविता-[illegible] ले पूरा राज अउ देस जगर-मगर करे, यही मोर कामना हे। आपके अपनेच :

## हमारे गौरव

### कु. निधि साहू



छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कम्पनी कोरबा पूर्व में पदस्थ सहायक अभियंता श्री पन्नालाल साहू की सुपुत्री निधि साहू, श्री शंकराचार्य टेक्निकल कैम्पस, भिलाई के राष्ट्रीय सेवा योजना (छै) की स्वयंसेवक व कम्प्यूटर साईंस ब्रान्च की छात्रा है। इन्होंने दिल्ली राजपथ पर गणतंत्र दिवस 2018 परेड में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व कर महाविद्यालय, कोरबा जिला एवं छत्तीसगढ़ राज्य के नाम को गौरवान्वित किया। इसके पूर्व चयन के लिये आगरा में आयोजित 15 दिवसीय विशेष कैम्प में प्रशिक्षण के दौरान बौद्धिक कुशलता के साथ सांस्कृतिक स्तर पर मूल्यांकन के दौर से गुजरना पड़ा। बधाई.....

### लखपति सिंदूर बने छत्तीसगढ़ के स्ट्रांगमैन



दुर्ग क्षेत्र में 14 से 15 अप्रैल तक हुई 15वीं राज्य स्तरीय पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर होल्डिंग के मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में कार्यरत रायपुर के लखपति संदूर रायपुर के स्ट्रांगमैन बने। उन्होंने 75 कि.ग्रा. वर्ग में भाग लेकर स्वर्ण पदक हासिल किया। पॉवर कंपनी के अधिकारी/कर्मचारी एवं संगठन सचिव राकेश साहू ने टीम के सभी खिलाड़ियों सहित उन्हें स्ट्रांगमैन बनने पर बधाई दी।

### कशिश यादव ने पांचवीं में हासिल की 98%



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर होल्डिंग के मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में कार्यरत रायपुर के जगतपाल यादव की सुपुत्री कुमारी कशिश यादव द्वारा वर्ष 2017-18 में पांचवी कक्षा में 98 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण कर परिवार एवं मानसरोवर उच्च. माध्य. विद्यालय, जांजगीर, जिला दुर्ग का नाम रोशन किया। बधाई...

- **जिसके पास हुनर अथवा कोई कला है, उसे अकारण किसी व्यक्ति से डरने की जरूरत नहीं है। मालिक नौकरी से किसी को निकाल सकता है, लेकिन उसे उसके हुनर और विद्या से अलग नहीं कर सकता। जैसे हंस से कोई पानी से दूध को अलग करने की कला छीन नहीं सकता।**
- **कर्म और भाग्य दोनों एक हैं- जैसे लकड़ी और कोयला। लकड़ी जलने के बाद कोयला बनती हैं। कर्म होने के बाद भाग्य बनता है। लकड़ी से कोयला हर दम मिल सकता है, लेकिन कोयले से लकड़ी नहीं मिल सकती, इसलिए लकड़ी ज्यादा महत्वपूर्ण है, कर्म भाग्य से महान है।**
- **विश्वास की लाली से ही जीवन की काली रात कट जाती है और सफलता का सूरज चमक उठता है। - सर श्री**



## विधान संग श्वेता

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिषन कंपनी के मुख्य अभियंता (उपकेन्द्र संचा-संधा.) कार्यालय में पदस्थ श्रीमती अनुराधा बक्षी, कार्या.सहा.श्रेणी-दो के सुपुत्र चि. विधान का शुभ विवाह बिलासपुर निवासी श्रीमती संध्या शेण्डे की सुपुत्री सौ.का. श्वेता के साथ दिनांक 05 मार्च 18 को बिलासपुर में सोल्लास संपन्न हुआ. .... बधाई।



## प्रियंका संग नितिश

छ्ीसगढ़ स्टेट पावर जनरेशन कंपनी मुख्य अभियंता (सी.एण्ड पी) कार्यालय में पदस्थ अधीक्षण अभियंता श्री ओमप्रकाश वैश्य की सुपुत्री प्रियंका वैश्य का शुभ विवाह चि. नितिश कुमार सुपुत्र नलिन चन्द्र मिश्रा के साथ 7 फरवरी, 20188 को लखनऊ में सानंद संपन्न हुआ। बधाई......

## महुआ संग शमिक

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी के कार्यपालक निदेशक (सं./सं.-उत्पादन) रायपुर कार्यालय में कार्यरत श्री संजय चौधरी अनुभाग अधिकारी की सुपुत्री सौ. कां. महुआ का शुभ विवाह नासिक (महाराष्ट्र) निवासी चि. शमिक सुपुत्र श्री स्वपन कुमार बसु के साथ दिनांक 19 अप्रैल 2018 को रायपुर में सानंद संपन्न हुआ। बधाई...



# कुर्यात् सदा मंगलम





## सुमीत संग सुप्रिया

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के एचटीपीएस कोरबा पश्चिम में पदस्थ वरिष्ठ लेखाधिकारी श्री बीएन देवांगन के सुपुत्र चि. सुमीत कुमार देवांगन का विवाह शिवनारायण देवांगन की पुत्री सौ. कां. सुप्रिया देवांगन के साथ दिनांक 04.02.2018 को रायगढ़ में सआनंद संपन्न हुआ। उन्हें बधाई...

## डॉ. रविकांत संग डॉ. दीपिका

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर जनरेशन कंपनी के कार्यपालक निदेशक(मा.सं.) कार्यालय में कार्यरत श्री बलराम नायक, अनुभाग अधिकारी के सुपुत्र चि. डॉ रविकांत नायक का शुभ विवाह सौ. कां. डॉ. दीपिका सुपुत्री श्री ऐन.के. चंद्रवंशी रायपुर निवासी के साथ 4 फरवरी 2018 को रायपुर मे सानन्द सम्पन्न हुआ। बधाई......

## धर्मेन्द्र संग मोनिका

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी राजनांदगांव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक कार्यालय में कार्यरत सहायक प्रकाशन अधिकारी श्री धर्मेन्द शाह मंडावी सुपुत्र श्री राजेन्द शाह मंडावी का शुभ विवाह डोंगरगांव संभाग के बांधाबाजार वितरण केन्द्र में कार्यरत कनिष्ठ अभियंता सौ.कां. मोनिका मुलेटी सुपुत्री श्री राजिम साय मुलेटी के साथ 10 मार्च 2018 को राजनांदगांव में सानंद संपन्न हुआ। बधाई......






**छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत होल्डिंग कंपनी मर्या. डंगनिया, रायपुर**

फोन : 0771-2574702, फैक्स : 0771-2574702,

website : www.cseb.gov.in

प्रमाणित किया जाता है कि पत्रिका के मेक. मुद्रण/प्रकाशन आदि गुणवत्ता एवं पत्रिका के अंदर के पृष्ठों में 90 जीएसएम आर्ट पेपर (सिनारमास) और कवर पृष्ठों में 220 जीएसएम आर्ट पेपर (सिनारमास) का उपयोग किया गया है. - मुद्रक